हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live &
dkunews24

वर्ष : 03 अंक–251 : जौनपुर, गुरुवार 13 जनवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## पीएम मोदी की अध्यक्षता में भाजपा चुनाव समिति की बैठक आज : उम्मीदवारों के नाम पर लगेगी आखिरी मुहर

लखनऊ ब्यूरो : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होने जा रही है। इस बैठक में विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम पर अंतिम मुहर लगेगी। पहले और दूसरे चरण के प्रत्याशियों के नामों का पैनल आज होने वाली केंद्रीय चुनाव समिति के समक्ष रखा जाएगा। इस बैठक के बाद सीट बंटवारे से जुड़ी घोषणा की जाएगी। बताया जा रहा है कि भाजपा की कोर कमेटी ने विधानसभा चुनाव में पहले और दूसरे चरण की 113 सीटों सहित करीब 150 से अधिक प्रत्याशियों के नाम तय कर दिए है। नई दिल्ली में बुधवार को गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान की मौजूदगी में आयोजित बैठक में पश्चिमी यूपी की 71 और ब्रज की 65 सीटों पर प्रत्याशी चयन पर मंथन किया गया। यह बैठक करीब 14 घंटे तक चलने के बाद देर रात करीब 1.45 बजे खत्म हुई। सूत्रों के मुताबिक पहले चरण की 58 और दूसरे चरण की 55 सीटों में से अधिकांश पर प्रत्याशियों के नाम तय कर लिए गए हैं। कुछ सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा सपा और रालोद के प्रत्याशियों की घोषणा के बाद किया जाएगा। इनके अतिरिक्त कुछ ऐसे नामों पर भी मुहर लगाई गई है, जिन्हें उनकी मौजूदा सीट से चुनाव लड़ाया ही जाना है। सूत्रों के मुताबिक भाजपा विधायकों के सपा में जाने के बाद पार्टी के शीर्ष नेता अब मौजूदा विधायकों के ज्यादा टिकट काटने के पक्ष में नहीं है। उनका मानना है कि जिन सीटों पर मौजूदा विधायक को टिकट देने पर हार निश्चित है उन्हीं का टिकट काटा जाएगा। समिति में नामों पर चर्चा के बाद 14 या 15 जनवरी को होने वाली भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक में प्रत्याशियों के नामों पर अंतिम मुहर लगाकर प्रत्याशी घोषित किए जाएंगे। बैठक में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, डॉ. दिनेश शर्मा, महामंत्री संगठन सुनील बंसल शामिल हुए। जबकि भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह वर्चुअली शामिल हुए। अमित शाह से मिलीं अनुप्रिया पटेल व संजय निषाद ताजा जानकारी के मुताबिक, अपना दल की अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल व निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद तथा उनके पुत्र




प्रवीण निषाद ने बुधवार रात दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मिलकर सीटों के बंटवारे पर बातचीत की। हालांकि दोनों दलों के नेता सीटों के बारे में अभी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं। भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि अनुप्रिया ने अवध व बुंदेलखंड की आधा दर्जन सीटों समेत दो दर्जन सीटों पर दावा किया है जबकि संजय निषाद ने भी दस से ज्यादा सीटों की मांग रखी है। दोनों दलों के नेताओं का कहना है कि उन्होंने अमित शाह के सामने अपनी बात रख दी है। एक दो दिन में सीटों पर स्थिति साफ होने की उम्मीद है। जाटों को पहले से ज्यादा मिल सकते हैं टिकट विधानसभा चुनाव में पश्चिमी यूपी में सपा और रालोद के गठबंधन की धार कुंद करने के लिए भाजपा जाट समाज के नेताओं को 2017 की तुलना में ज्यादा टिकट देगी। 2017 में पार्टी ने सरदार बलदेव सिंह औलख सहित 16 जाट उम्मीदवार उतारे थे। इनमें से बागपत की छपरौली और संभल की असमौली सीट हारी थी। जबकि शेष 14 सीटों पर भाजपा जीती थी। 2018 में छपरौली से रालोद के एक मात्र विधायक सहेंद्र सिंह भी भाजपा में शामिल हो गए थे। सूत्रों के मुताबिक पार्टी ने पिछली बार गुर्जर समाज को चार टिकट दिए थे। इस बार गुर्जर समाज को भी एक दो सीट ज्यादा मिल सकती है। जाटव समाज को भी होगा लाभ बसपा के जाटव वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए भाजपा जाटव समाज को पहले से अधिक सीटें दे सकती है। 2017 में भाजपा ने अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित 85 सीटों में से 20 सीटों पर जाटव समाज के लोगों को टिकट दिया था। यहां बता दें कि जाटव वोट बैंक को साधने के लिए भाजपा ने उत्तराखंड की राज्यपाल बेबीरानी मौर्य को इस्तीफा दिलाकर उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। भाजपा ने अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्रों में बेबीरानी की करीब 90 सभाएं और बैठकें भी कराई गई हैं।

## प्रदेश में 13681 नए मरीज : लखनऊ में 2181 लोग एक ही दिन में आए वायरस की चपेट में

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश में कोरोना के 13681 नए मरीज मिले हैं और संक्रमण की दर 5.70 फीसदी हो गई है। प्रदेश में कुल 57,355 एक्टिव केस हैं। इनमें से 98 फीसदी मरीज होम आइसोलेशन में हैं। पिछले 24 घंटों में 2,39,771 सैंपलों की जांच की गई है, जबकि 700 लोगों ने कोरोना को मात दी है। तीन संक्रमितों की मौत भी हुई है। इनमें कानपुर नगर, हरदोई व सुल्तानपुर के एक–एक मरीज शामिल हैं। कहां कितने मिले मरीज। गौतमबुद्ध नगर में 1992, लखनऊ में 2181, गाजियाबाद में 1526, मेरठ में 1250, वाराणसी में 490, आगरा में 652, मुरादाबाद में 559, कानपुर नगर में 357, मथुरा में 308, प्रयागराज में 281, गोरखपुर में 345, मुजफ्फरनगर में 230, सहारनपुर में 229, बुलंदशहर में 240, अलीगढ़ में 166, बरेली में 219, झांसी में 136, शआमली में 101, बाराबंकी में 131, रायबरेली 126, हापुरड़ 114, अमरोहा 108 मरीज मिले हैं। अन्य जिलों में 100 से कम मरीज हैं। इसी तरह सात जिले में 10 से कम मरीज मिले हैं। कोरोना का वार, मरीज दो हजार पार। लखनऊ में तेजी से फैलते कोरोना ने बुधवार को 2181 लोगों को चपेट में ले लिया। इनमें लखनऊ विश्वविद्यालय के दो छात्र और एक शिक्षिका भी शामिल है। इनमें से एक छात्र हॉस्टल में रहता है। ऐसे में विवि प्रशासन ने यूजी व पीजी के प्रथम सेमेस्टर के छात्रों से हॉस्टल खाली कराने का आदेश दे दिया। कुल मरीजों में 1298 पुरुष व 893 महिलाएं हैं। संक्रमितों में बच्चे, बुजुर्ग और नौजवान भी हैं। वहीं, बीते 24 घंटे में सिर्फ 58 लोगों ने ही वायरस को मात दी। इससे सक्रिय मामलों की संख्या में भी काफी इजाफा हो गया। बुधवार को 8168 एक्टिव केस थे। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार संक्रमण के मामले सबसे तेजी से अलीगंज व चिनहट में बढ़ रहे हैं। इन इलाकों में मरीजों का आंकड़ा लगातार दूसरे दिन 300 के पार हुआ। अलीगंज में 315, चिनहट में 313 लोग पॉजिटिव मिले। इसके अलावा सरोजनीनगर में 214 और आलमबाग में 185 लोगों में वायरस निकला। इंदिरानगर में 174, सिलवर जुबली में 165, एनके रोड के आसपास से 151 तथा टुड़ियागंज में 70 लोग संक्रमित मिले। इससे पहले आठ मई को 2179 और पांच मई को 3004 मरीज राजधानी में मिले थे। ऑक्सीजन की सुविधा वाले 4100 बेड तैयार। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल के अनुसार मरीजों की संख्या बढ़ रही है। हालांकि, राहत की बात यह है कि लोग अधिक गंभीर नहीं हैं। अन्य बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों को ही संक्रमण के बाद अस्पताल में भर्ती कराना पड़ रहा है। बाकी लोग घर में आइसोलेट हैं। इसके बावजूद अस्पतालों में इलाज की पुख्ता व्यवस्था है। फिलहाल ऑक्सीजन की सुविधा वाले 4100 बेड तैयार हैं। जरूरत पर इनकी संख्या बढ़ाई जा सकती है। सवा लाख लोगों ने ली प्री कॉशन डोज। उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्यकर्मियों, फ्रंट लाइन वर्करों और वरिष्ठ नागरिकों को प्री कॉशन डोज देने का कार्यक्रम जोरों से चल रहा है। तीन दिनों में तीन लाख से अधिक लोगों को कोविड टीके की प्री कॉशन डोज दी गई है। इसी तरह 15 से 17 आयु वर्ग के लिए चल रहे अभियान के तहत नौ दिन में 34 लाख 25 हजार से अधिक किशोरों ने टीकाकवर ले लिया।प्रदेश में 21 करोड़ 82 लाख से अधिक टीके की डोज लगाई गई है। प्रदेश में करीब 56 फीसदी वयस्क आबादी को टीके की दोनों डोज लग चुकी है, जबकि 92 फीसदी ने कम से कम एक डोज लगवा ली है। टीकाकरण को तेज करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा निर्वाचन कार्यक्रम को आधार बनाते हुए जिलों की प्राथमिकता तय की है।

## मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की नहीं होगी दिक्कत कोविड प्रोटोकॉल का करना होगा पालन –एसपी ट्रैफिक

डीकेयू गोरखपुर ब्यूरो चीफ राजनारायण ओझा : गोरखनाथ मंदिर में आस्था के पर्व मकर संक्रांति खिचड़ी के मेले में यातायात व्यवस्था सुगम व सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पुलिस अधीक्षक यातायात डॉ महेंद्र पाल सिंह ने व्हाइट हाउस सभागार में यातायात से संबंधित समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि यातायात व्यवस्था सुगम व सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आए हुए श्रद्धालुओं के साथ शिष्टाचार का बर्ताव करते हुए उनके वाहनों निर्धारित पार्किंग स्थल पर खड़ा करा कर खिचड़ी चढ़ाने के लिए गोरखनाथ मंदिर के तरफ सम्मान के साथ भेजने का कार्य करें जिस से आए हुए श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा ना होने पाए इसका सभी ट्रैफिक के जवान अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए आए हुए श्रद्धालुओं की मदद करेंगे। मकर संक्रांति व खिचड़ी मेला को लेकर शहर की यातायात व्ययवस्थ्था में बदलाव किया गया है। आज बुधवार 13 जनवरी से तीन दिन तक गोरखनाथ मंदिर की तरफ चार पहिया वाहन को नहीं जाने दिया जाएगा। खिचड़ी मेले को ध्यान में रखते हुए रूट डायवर्जन किया गया है, जो 15 जनवरी की रात 10 बजे तक प्रभावी रहेगा। पुलिस अधीक्षक डॉ महेंद्र पाल सिंह ने बताया कि एंबुलेंस, वीआइपी और पास धारक गाड़ियों को छूट मिलेगी। स्थानीय लोगों को निवास प्रमाण पत्र लेकर वाहन पास जारी किया जा रहा है।सोनौली जाने वाले वाहन यातायात कार्यालय की तरफ से धर्मशाला गंगेज दुर्गाबाड़ी सूरजकुंड ओवरब्रिज ग्रीन सिटी होते हुए जांएगे और सोनौली की ओर से आने वाले वाहन बरगदवां से खजांची की तरफ डायवर्ट किए जाएंगे। बरगदरवां से जिन्हें गोरखनाथ मंदिर नहीं जाना है वह औद्योगिक संस्थान मोड़ से डायवर्ट कर रामनगर चौराहा से नकहा ओवघ्रब्रिज होकर खजांची होते हुए जाएंगे। गोरखपुर से पीपीगंज फरेंदा सोनौली की ओर जाने वाले भारी वाहन राजकीय गाड़ियां छात्रसंघ चौराहा मोहद्दीपुर चारफाटकर होते हुए जेलबाईपास पादरीबाजार फातिमा खजांची स्पोर्ट कॉलेज घोषीपुरवा नकहा होते हुए बरगदवां चौकी के सामने से जाएंगी। इसी तरह फरेंदा पीपीगंज की ओर से आने वाले वाहनों को भी इसी रास्ते का इस्तेमाल करना होगा। बरगदवां आवास विकास कॉलोनी इंडस्ट्रीयल एरिया की तरफ जाने वाले छोटे वाहन साइकिल को कौडिहवा के पास मुख्य सड़क छोड़कर कौडिहवा मोड़ से गोरखनाथ मंदिर पश्चिमी मार्ग होते हुए सूरजकुंड रेलवे क्रासिंग की ओर भेजा जाएगा। गोरखपुर से महराजगंज पिपराइच रोड की तरफ जाने आने वाली गाड़ियां सीएस चौराहा मोहद्दीपुर चारफाटक जेल बाइपास पादरी बाजार होते हुए पिपराइच की



तरफ जाएंगी। फातिमा अस्पताल खजांची होते हुए महराजगंज को जा सकेंगे। दुर्गाबाड़ी तिराहा से गोरखनाथ ओवरब्रिज के नीचे रेलवे क्रासिंग से उत्तर गोरखनाथ मंदिर की ओर किसी प्रकार के वाहन नहीं जाएंगे।हुमायूंपुर रेलवे क्रासिंग के उत्तर पश्चिम गोरखनाथ मंदिर की ओर से कोई भी वाहन रिक्शा नहीं जाएगा।रामलीला मैदान से सिंधी गली से गोरखनाथ मंदिर की ओर वाहन, रिक्शा नहीं जाएंगे।रसूलपुर तिराहा से मंदिर की ओर दशहरी बाग से मंदिर की ओर कौड़िहवा मोड़ से मंदिर की ओर जाहिदाबार तिराहा से मंदिर की ओर बरगदवां से श्रद्धालुओं के वाहन छोड़कर कोई भी मंदिर की ओर नहीं जाएंगे। लखनऊ, वाराणसी, देवरिया, कुशीनगर से आने वाले दर्शनार्थी यातायात कार्यालय होकर गोरखनाथ मंदिर जाएंगे एवं उनके बड़े वाहन जैसे बस, ट्रैक्टर ट्राली भगवती महिला महाविद्यालय में एवं चार पहिया, बाइक को आरपीएफ ग्राउंड में खड़ा कराया जाएगा। सोनौली फरेंदा की ओर से आने वाले दर्शनासर्थी बरगदवां होते हुए गोरखनाथ मंदिर जाएंगे एवं इनके बड़े वाहन कुष्ठ आश्रम एवं स्प्रिंगर मोड़ रोड के दोनों तरफ व चार पहिया, बाइक को औद्योगिक केंद्र में खड़ा कराया जाएगा। महरागंज एवं पिपराइच की ओर से आने वाले दर्शनार्थी खजांची चौराहा, फर्टिलाइजर से नकहा होते हुए आएंगे और इनके वाहन को रामनगर चौराहा से दाहिने टर्न कर कुष्ठ आश्रम एवं स्प्रिंगर मोड़ रोड के दोनों ओर खड़ा कराया जाएगा। इसी तरह चार पहिया और बाइक को औद्योगिक केंद्र में पार्क करना होगा धर्मशाला चौराहा से तरंग ओवरब्रिज होते हुए गोरखनाथ मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को गेट नंबर दो और बरगदवां की ओर से आने वाले लोग गेट नंबर तीन से प्रवेश करेंगे। दर्शन के बाद गेट नंबर चार व गेट नंबर से एक से निकलेंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के अनुसार जूता चप्पल रखने की व्यवस्था बेहतर बनाई गई है यहां श्रद्धालु अपने जूता चप्पल रख सकेंगे नाईट ग्रिल रेस्टोरेंट गोरखनाथ निकट जिला सहकारी बैंक गोरखनाथ बद्रीनाथ टिंबर ट्रेडर्स के सामने मंदिर गेट नंबर तीन के पूर्व बरनवाल ज्वैलर्स के सामने निकट गोरखनाथ मंदिर गेट नंबर दो मोती मार्डन किचन बाजार के सामने निकट गोरखनाथ थाना जो निर्धारित किसके लिए किया गया है उसी के अनुसार ही आए हुए श्रद्धालु शासन प्रशासन का मदद करते हुए मेले का आनंद लेते हुए आनंद पूर्वक अपने अपने घर सकुशल घर जायेगे।

## जरूरी नहीं कोरोना ग्रस्त मां का शिशु भी पॉजिटिव हो : घबराएं नहीं हर जनपद में संचालित हैं कोविड–19 अस्पताल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : यह कोई जरूरी नहीं कि कोविड पॉजिटिव गर्भवती के शिशु को भी कोविड होगा। खासकर जब तक वह पेट में है। ज्यादा सुरक्षित है। हां, प्रसव के बाद प्रोटोकाल का पालन नहीं करने पर कोविड होने की पूरी आशंका रहती है। यह कहना है जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डीआईओ) डॉ नरेन्द्र सिंह का। डॉ सिंह ने बताया कि कोविड संक्रमण आजकल बहुत तेजी बढ़ रहा है। यदि आप गर्भवती हैं और कोविड पॉजिटिव हैं या रह चुकी तो कोविड को लेकर कतई न घबराएं। कोविड जैसी संक्रामक बीमारी से बचने के लिए बस जागरूक, सचेत और सतर्क रहें। सदैव अपने चिकित्सक के संपर्क में रहें और उनके सुझाओं का पालन करें। उन्होंने स्पष्ट किया है कि गर्भवती माहिलाएं अनावश्यक अस्पताल में न आएं। कोशिश करें चिकित्सक से ऑनलाइन परामर्श लें। गर्भवती महिलाओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता अन्य के मुकाबले कम होती है। इसलिए गर्भवती महिलाएं अपने व बच्चे के भविष्य के लिए साफ–सफाई का खास ध्यान दें। कुछ भी छूने के बाद 40 सेकंड तक साबुन से हाथ धो लें और मास्क लगाए रखें। उन्होंने बताया कि यदि मां कोविड पॉजिटिव है या रह चुकी है तब भी उसको स्तनपान कराना है। बस साफ–सफाई का ध्यान देते हुए मास्क लगाकर ही स्तनपान कराना है। यह भी ध्यान रखें कि बच्चे के ऊपर किसी प्रकार की छींक या खांसी की ड्रॉपलेट न जाए। उन्होंने गर्भवती तथा स्तनपान कराने वाली महिलाओं से कोविड



टीकाकरण अवश्य करा लेने का निवेदन किया है। उन्होंने कहा है कि कोविड का टीका लगवा लेने से जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित हो जाते हैं। हर जनपद में कोविड अस्पताल संचालित हैं। साथ ही सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को निर्देश है कि संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करें। कोविड पॉजिटिव महिलाओं को प्रसव के लिए कोविड अस्पताल ले जाने की व्यवस्था है। नीरज सिंह, परामर्शदाता, मातृत्व स्वास्थ्य, एनएचएम क्या करें नियमित कोविड प्रोटोकाल अपनाएं आंगन या अकेले रोज धूप में बैठें, जार का पका हुआ आहार न करें , बाहर से आया समान सेनेटाइज करें , बाहर से लाए सामानों को 3 दिन बाद ही उपयोग में लाएं, तिआवश्यक स्थिति में ही घर से बाहर निकलें, क्या न करें– अनावश्यक अस्पताल न जाएं, ऑनलाइन परामर्श लेने की कोशिश करें, संभव हो तो घर पर ही सेंपल दें, नकारात्मक चर्चा में शामिल न हों।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## गोरखपुर के सदर विधायक हुए आग बबूला

डीकेयू गोरखपुर ब्यूरो चीफ राजनारायण ओझा : गोरखपुर से भाजपा के नगर विधायक डॉ0 राधा मोहन दास अग्रवाल आज जनता के सवाल पर आग बबूला हो गए। हुआ यूं कि कुछ लोग जिनमें महिलाएं भी शामिल थी। जब अपनी समस्या लेकर विधायक निवास पर पहुंचे तो विधायक जी का पारा हाई हो गया । बहरहाल अपमानित होने के बाद सभी कैंट थाने पर पहुंचे और विधायक के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग करने लगे। महादेव झारखंडी निवासीयों ने आरोप लगाया कि वह लोग नगर विधायक राधामोहन के आवास पर फरियाद लेकर पहुंचे थे तो मोहल्ले वासियों को नगर विधायक ने बदतमीजी से गाली गलौज करते बाहर निकाल दिया जिसके विरोध में मोहल्ले वासियों ने विधायक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के लिए कैंट थाना पहुंच गये।

## क्षेत्राधिकारी यातायात ने पुलिस चौपाल में सुनी जनता की समस्याएं

डीकेयू गोरखपुर ब्यूरो चीफ राजनारायण ओझा : एसएसपी डॉ विपिन टांडा की पहल पर अब हर बुधवार को पुलिस गाँव गाँव मोहल्ले में जाकर पुलिस चौपाल लगा रही है पुलिस चौपाल का उद्देश्य है कि जनता अपनी समस्याओं को चौपाल में उपस्थित नामित अधिकारी को अपनी समस्याएं आसानी से बताये और नामित अधिकारी समय से जनता की समस्याओं का



निस्तारण करे।क्षेत्राधिकारी यातायात जय प्रकाश सिंह ने थाना कैंट क्षेत्र के दाउदपुर मोहल्ले में में पहुंचकर आए हुए फरियादियों की समस्याओं को निस्तारण किया पुलिस चौपाल में मोहल्ले की जनता अपनी समस्याओं को लेकर पुलिस चौपाल में पहुची क्षेत्राधिकारी यातायात चौपाल में आये हुए सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना साथ ही समस्याओं के निस्तारण के लिए पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कुछ मामले चौपाल में भूमि विवाद से सम्बंधित आये वही चौपाल में कुछ मामले पारिवारिक विवाद से सम्बंधित आये जिसको निस्तारण करने के लिए सुलह समझौता करवाया गया। पुलिस चौपाल में दर्जन भर से अधिक मामले आये जिसको क्षेत्राधिकारी यातायात के द्वारा गम्भीरतापूर्वक देखा गया। एसएसपी गोरखपुर के द्वारा मोहल्ले में जो प्रत्येक बुधवार को चौपाल का आयोजन किया जा रहा है इससे आमजनमानस को फायदा मिलता हुआ नजर आ रहा है लोग आसानी से अपनी बात अधिकारियों से बता रहे है और समय पर उनकी समस्याओं का निस्तारण भी प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। पुलिस चौपाल में पुलिस बीट अधिकारी हलके के सब इंस्पेक्टर सिपाही सहित संभ्रांत व्यक्ति सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बरगदवा में ब्यूटी पार्लर में लगी आग : जीडीए शापिंग काम्प्लेक्स बरगदवा की घटना

डीकेयू गोरखपुर ब्यूरो चीफ राजनारायण ओझा : जिले के बरगदवा में आज सुबह ब्यूटी पार्लर में आग लग गयी। आग की सूचना मिलते ही फायर सर्विस गोलघर, ने फायर ब्रिगेड की तीन (3) फायर टैंकर को प्रस्थान किया



। मौके पर CFO गोरखपुर डीके सिंह भी घटना स्थल पर उपस्थित रहे। करीब एक घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। दुकान में ब्यूटीशियन और कॉस्मेटिक के सामान थें जो सभी जल गए। लेकिन आस–पास के दुकानों को जलने से सुरक्षित बचा लिया गया। किसी को कुछ हताहत नहीं हुआ। आग का कारण और नुकसान का जांच किया जा रहा हैं।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

पाप तो बुरा है लेकिन पुण्य का अहंकार भी तो बुरा होता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# कोरोना : महामारी के दौर में सामाजिक सुरक्षा

एक साल खत्म हो गया और दूसरा साल बस अभी शुरू हुआ है, लेकिन कोरोना वायरस का जोखिम अब भी हमारे साथ बना हुआ है। अब यह अपने अधिक संक्रामक अवतार में ओमिक्रॉन वैरिएंट के रूप में तेजी से पूरे भारत में फैल रहा है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पिछले हफ्ते सप्ताहांत कर्फ्यू लगा हुआ था। इस समय, जब मैं यह आलेख लिख रही हूं, आवाजाही पर गंभीर प्रतिबंध हैं। रेस्तरां और बार बंद हैं, हालांकि अस्थायी तौर पर होम डिलीवरी की अनुमति दी गई है। नए वर्ष की शुरुआत में कई सवाल मन में उठ रहे हैं। एक महत्वपूर्ण सवाल यह है कि समाज के सबसे कमजोर लोगों की स्वास्थ्य देखभाल के मामले में हमने पिछले दो वर्ष में क्या सीखा है। दुखद है कि इसका संक्षिप्त उत्तर है, बहुत कम।

महामारी के बीच लगातार नफरती बयान दिए जा रहे हैं। जैसा कि कामकाजी दुनिया में हिंसक प्रथाओं वाले किसी देश में भारी असमानताओं की विरासत के साथ घोर गरीबी और अभाव में जीने वाले लाखों लोगों के पास थोड़े से विकल्प और बहुत कम उम्मीद बची रहती है। यह सब सामाजिक एकता को प्रभावित करता है, जो मौजूदा महामारी जैसे बड़े संकट के समय में लचीलेपन की कुंजी है। यकीनन, यह भारत के लिए अनूठा नहीं है। विश्व आर्थिक मंच ने इस हफ्ते जारी अपनी वैश्विक जोखिम रिपोर्ट, 2022 में कहा है कि 'सामाजिक एकता का क्षरण', 'आजीविका संकट' और 'मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट' अगले दो वर्षों में दुनिया के लिए सबसे बड़े खतरे के रूप में देखे जाने वाले पांच जोखिमों में से हैं।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि 'यह सामाजिक संकट राष्ट्रीय नीति निर्माण की चुनौतियों से जुड़कर राजनीतिक पूंजी को सीमित करता है, वैश्विक चुनौतियों पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए नेताओं के ध्यान और सार्वजनिक समर्थन की जरूरत होती है। इस पृथ्वी की सेहत एक निरंतर चिंता बनी हुई है।' एक देश के रूप में, हम महामारी के दौरान अपने सबसे कमजोर वर्ग के लोगों के जोखिमों के बारे में कितने जागरूक हैं और इसके बारे में क्या कर रहे हैं?

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। चुनाव आयोग द्वारा 15 जनवरी तक चुनावी अभियान पर रोक लगाए जाने से पहले कई जगहों पर चुनावी रैलियां आयोजित की गईं। कौन जानता है कि उसके बाद क्या होगा? प्रत्येक बीतते दिन के साथ बड़ी संख्या में भारत में कोविड –19 के नए मरीज जुड़ रहे हैं और संक्रमित लोगों में केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्यों सहित राजनेताओं की बढ़ती संख्या शामिल है। एहतियात के तौर पर बूस्टर खुराक अब उन बुजुर्ग नागरिकों के लिए उपलब्ध हैं, जिन्होंने टीके की दो खुराकें ले ली हैं और किशोरों को भी अब टीके लगाए जा रहे हैं। लेकिन हम अब भी सभी को पूरी तरह से टीका नहीं लगा पाए हैं।

इस बीच, एक स्वतंत्र थिंक टैंक सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी के अनुसार, दिसंबर में भारत की बेरोजगारी दर लगभग आठ फीसदी तक बढ़ गई। वर्ष 2020 और वर्ष 2021 के अधिकांश समय में यह दर सात फीसदी से अधिक थी। इससे सबसे ज्यादा अनियोजित क्षेत्र के श्रमिक प्रभावित हुए हैं, जो देश के कार्यबल का सबसे बड़ा हिस्सा हैं। न केवल लोगों को नौकरी से निकाल दिया जाता है, बल्कि अक्सर उनके वास्तविक वेतन का भुगतान नहीं किया जाता है। पिछले दो वर्षों में हमने इस बारे में अनगिनत हृदयविदारक कहानियां सुनी हैं, लेकिन कुछ भी नहीं बदला है।

पिछले हफ्ते मैं अपने पड़ोस में घूमने गई थी। वहां मझे दो युवा घरेलू नौकरानियां मिलीं, जिन्होंने सप्ताहांत कर्फ्यू और आंशिक लॉकडाउन के दौरान वेतन कटौती के बारे में अपनी आशंकाएं जाहिर कीं। पिछले साल लॉकडाउन के दौरान उनके नियोक्ता ने उन्हें वेतन का भुगतान नहीं किया था। अब वे एक बार फिर नए प्रतिबंधों से डरी हुई हैं।

त्रिशाली चौहान एवं क्रिस्टॉफ जैफरलॉट ने एक अंग्रेजी अखबार में अपने ताजा आलेख में कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी ज्यादा है। वर्ष 2019–20 और दिसंबर, 2021 के बीच विनिर्माण क्षेत्र में लोगों ने 98 लाख नौकरियां गंवाई, इसके विपरीत कृषि क्षेत्र में रोजगार में 74 लाख की वृद्धि हुई। वेतनभोगी लोगों का प्रतिशत 2019–2020 के 21.2 फीसदी से गिरकर 2021 में 19 फीसदी रह गया है, जिसका अर्थ है कि 95 लाख लोगों ने वेतनभोगी नौकरियां गंवाई और बेरोजगार हो गए अथवा अनौपचारिक क्षेत्र का हिस्सा बन गए हैं। कर्ज में डूबे और भोजन जैसी जरूरी चीजों में कटौती कर रहे कमजोर लोगों के लिए किस तरह के सुरक्षा उपाय हैं?

महामारी की शुरुआत के कुछ समय बाद आवश्यक वस्तुएं पहुंचाने वाले श्रमिकों को उनकी नियोक्ता कंपनियों ने बताया कि संविदा (ठेका पर काम करने वाले) कर्मचारियों के लिए ताजा बीमा पॉलिसी लाई जाएगी। उदाहरण के लिए, वर्ष 2020 में फ्लिपकार्ट ने अपने संविदा कर्मचारियों के लिए तीन लाख रुपये के जीवन बीमा (टर्म लाइफ कवर) की पेशकश की थी। बीमा उद्योग के पेशेवरों के अनुसार, महामारी के बाद, इन कंपनियों ने प्रति संविदा कर्मचारी 50,000 रुपये से शुरू होने वाले चिकित्सा और जीवन बीमा कवर खरीदे थे। लेकिन दुख की बात है कि सामाजिक सुरक्षा, जिसमें जीवन भर के लिए कवर शामिल है, इस देश में अनौपचारिक श्रमिकों की हर श्रेणी के लिए लागू नहीं है।

श्रम अर्थशास्त्री और जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, जमशेदपुर के प्रोफेसर के. आर. श्याम सुंदर ने सामाजिक सुरक्षा संहिता के तहत अनिवार्य सामाजिक सुरक्षा के लिए सार्वजनिक रूप से वकालत की है। मजदूरी संहिता, 2019, स्वतंत्र रूप से काम करने वाले श्रमिकों सहित संगठित और असंगठित क्षेत्रों में काम करने वालों के लिए सार्वभौमिक न्यूनतम मजदूरी का प्रावधान करती है।

स्पष्ट रूप से, न केवल जीवन बीमा, बल्कि व्यापक सामाजिक सुरक्षा की भी आवश्यकता है, जो एक गंभीर संकट के समय में आय सुरक्षा का काम करता है। और यह पूरे देश में सभी श्रेणी के श्रमिकों पर लागू होना चाहिए। और इसे शीघ्र लागू किया जाना चाहिए। ऐसा होना अभी बाकी हैय आने वाले महीनों में लाखों भारतीयों की नौकरी जाने का खतरा है। हम इस तरह के जोखिम को बर्दाश्त नहीं कर सकते।

ये लेखक के अपने विचार हैं।

## लोहडी त्यौहार पर लखनऊ गुरूद्वारा में किया गया विशेष आयोजन

आर एल पाण्डेय लखनऊ। आज दिनांक 13 जनवरी 2022 को लोहडी के त्यौहार का विशेष आयोजन श्री गुरू सिंह सभा ऐतिहासिक गुरूद्वारा नाका हिण्डोला, लखनऊ में किया गया। इस अवसर पर लखनऊ गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बग्गा जी ने उपस्थित संगतो एवं समस्त नगरवासियों को लोहडी के त्यौहार की बधाई देते हुए कहा कि लोहडी एक समाजिक पर्व है यह पंजाबी समाज के लोग बेटे की शादी की पहली लोहड़ी या बच्चे के जन्म की पहली लोहडी बड़ी खुशी एवं उल्लास के साथ मनाते है। लोहड़ी पंजाब की लोक संस्कृति का महत्तवपूर्ण त्यौहार है। इस त्यौहार को पूरे भारत में मनाया जाता है पर पंजाब में इस त्यौहार को बहुत बड़े पैमाने पर मनाया जाता है। पूरे वर्ष भर को इस त्यौहार का इन्तजार रहता है, पर विशेष रूप से घर में नवविवाहिता एवं नवजात शिशु के आते ही लोहड़ी के त्यौहार की प्रतिक्षा की जाती है। ये दोनों लोहड़ी के शगुन का केन्द्र होते है। गुरूद्वारा भवन के समक्ष कोविड–19 की गाइडलाइन मास्क लगाकर एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बग्गा जी द्वारा लकड़ीयों में अग्नि देकर इस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। यह त्यौहार मकर संक्रान्ति की पूर्व सन्धया पर मनाया जाता है। लोहड़ी को पहले तिलोड़ी कहा जाता था। यह शब्द तिल और रोड़ी (गुड़ की रोड़ी) के शब्दो से बना है जो समय के साथ बदलकर लोहड़ी के नाम से प्रसिद्ध हो गया। इस पर्व पर लकड़ीयों को इकट्ठा कर आग जलाई जाती है और अग्नि के चारो तरफ चक्कर लगाकर अपने जीवन को खुशियों और सुख शान्ति से व्यतीत होने की कामना करते हैं और उसमें रेवड़ी, मूँगफली खील, मक्की आदि के दानों की आहूति देते हैं और नाचते गाते हैं जिस घर में नई शादी हुई होती है या बच्चा पैदा होता है वह त्यौहार को विशेष तौर पर मनाते हैं। प्रवक्ता सतपाल सिंह मीत ने कहा कि लोहड़ी की रात बहुत ठंड़ी और लम्बी होती है। लोहड़ी के बाद रात छोटी और दिन बड़ा हो जाता है। गाथा है कि बादशाह अकबर के समय दुल्ला भट्टी नाम का डाकू था पर वह दिल का बड़ा नेक था वह अमीरों को लूटकर गरीबों मे बाँट देता था। वह अमीरों द्वारा जबरदस्ती से गुलाम बनाई गई लड़कियों को उनसे छुड़वा कर उन लड़कियों की शादी करवा देता था और दहेज भी अपने पास से देता था, वह दुल्ला भट्टी वाला के नाम से प्रसिद्ध हो गया। तभी से लोहड़ी की रात आग जला कर और रंग–बिरंगे कपड़े पहन कर नाचते गाते है और उसका गुणगान करते है पंजाब के प्रसिद्ध लोक गीत– सुंदर मुंदरिए–हो,तेरा कौन विचारा–हो, दुल्ला भट्टी वाला–हो, दुल्ले ने धी ब्याही– हो इस तरह के लोकगीतो को गाकर इस पर्व को मनाते है। कार्यक्रम के उपरान्त मक्के के दाने, रेवड़ी, चिड़वड़े, तिल के लडडू का प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। नोट– दिनांक 14 जनवरी 2022 को साय: 06:30 बजे से रात्रि 09:15 बजे तक माघ माह संक्रान्ति पर्व मनाया जायेगा। दीवान की समाप्ति के उपरान्त गुरू का लंगर वितरित किया जायेगा।

## भाजपा की जनविरोधी व दलित, पिछड़े वर्ग की विरोधी नीतियों को देखते हुए भाजपा से इस्तीफा

आर एल पाण्डेय लखनऊ। 13 जनवरी 2022 में रामहृदय राम राष्ट्रीय अध्यक्ष सत शिरोमणि रविदास महासमा व सदस्य उ०प्र० अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम लिए उ०प्र० भाजपा की गरीब, कमजोर, दलित, पिछड़ी जाति विरोधी सोच को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी से इस्तीफा देता हूँ। विदित है कि जहाँ भाजपा ''सबका साथ–सबका विकास का नारा देती है लेकिन उसकी कथनी–करनी में जमीन–आसमान का फर्क है। सबका साथ–सबका विकास का दावा करने वाली भाजपा की उ०प्र० सरकार ने 13 फीसदी आबादी वाले रविदास समाज का 1 भी मंत्री नहीं बनाया और रविदास जयन्ती पर होने वाले सार्वजनिक अवकाश को भी निरस्त कर दिया। थानों–तहसील जिलों में अफसरों की तैनाती में जातिगत भेदभाव के तहत दलित–ओ०बी०सी० को नहीं रखा गया। सरकारी नौकरियों को निर्जीकरण कर बाबा साहब डा० भीमराव अम्बेडकर जी के द्वारा दिये गये संवैधानिक आरक्षण को निश्रमावी किया जा रहा है। इस दौरान दलित जातियों पर प्रायोजित अपराधों की बाढ़ आयी है। हाथरस, आजमगढ़. इलाहाबाद में हुई दलित उत्पीड़न की घटनाओं को दलित समाज भूला नहीं है और पूरा दलित समाज भाजपा को उखाड़ फेंकना चाहता है। अतः इसलिए समाज हित में मैंने अपने समाज के साथ रहने का फैसला लेते हुए भाजपा से इस्तीफा देता हूँ।

## न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री की गिरावट अभी बारिश होने की संभावना : आज धूप से मिली राहत

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में गरज–चमक के साथ बारिश के बाद गुरुवार को मौसम एक बार फिर से बदल गया। सुबह खिलखिलाती हुई धूप निकली। हालांकि नम हवाएं चल रही हैं। अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रहेगा। हालांकि अभी सर्दी से राहत नहीं मिलने वाली है। गलन सुबह–शाम बरकरार है। बुधवार को सुबह से हल्की धूप निकली थी लेकिन दोपहर में नम हवाओं के साथ गरज चमक संग बारिश होने के बाद अचानक मौसम का मिजाज बदल गया था। हालांकि बारिश भी केवल दस से पंद्रह मिनट ही हुई, फिर इसके बाद धूप निकल गई। दोपहर करीब एक बजे बादलों की गड़गड़ाहट सुन लोग सहम गए। पहले बूंदाबांदी और फिर शहर में सुंदरपुर, लंका, महमूरगंज के साथ ही ग्रामीण इलाकों में भी बारिश हुई। इसमें कुछ जगहों पर केवल बूंदाबांदी ही हुई जबकि कई जगहों पर हल्की से तेज बारिश हुई। मौसम वैज्ञानिक एसएन पांडेय ने अभी जम्मू–कश्मीर में एक और पश्चिमी विक्षोभ दो दिन पहले सक्रिय हुआ है। इसका असर ही है कि मैदानी भागों का मौसम बदला है। 14 जनवरी तक ऐसे ही मौसम रहने की संभावना है। बुधवार को अधिकतम तापमान 21.6 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 13.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच द्वारा 100 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ने की बनाई जा रही रणनीति

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ हि.सा. ब्यूरो : राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच कने उत्तर प्रदेश में 100 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया है ।20 जनवरी को युवा संकल्प पत्र के साथ उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की जाएगी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशांक शेखर सिंह ''पुष्कर'' राजधानी लखनऊ के एक होटल में स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा संकल्प दिवस के रूप में उनके आदर्शों सिद्धांतों विचारों पर चलकर युवा भारत समृद्ध ,भारत सशक्त ,भारत के निर्माण हेतु नौजवानों के भविष्य को सुरक्षित एवं संरक्षित करने का संकल्प लिया ।इन्हीं मुद्दों को लेकर 2022 का चुनाव लड़ा जाएगा बाकी के सीटों पर नौजवानों के पक्ष में निर्णय लेने वाले प्रत्याशियों को समर्थन रहेगा। सिर्फ नौजवानों को जातियों व पार्टियों में बांटने का काम किया गया है। किसी भी दल की नियत नौजवानों को लेकर स्पष्ट नहीं है सिर्फ राजनीति दल नौजवानों के दम पर चुनाव के समय नौजवानों की बातें करते हैं और जातियों के नाम पर गठबंधन कर अपनी राजनीतिक रोटी सकते हैं दूर–दूर तक इन दलों के एजेंडे में नौजवान दिखाई नहीं देते हैं कोई सरकार नहीं बनेगी नौजवान इन दलों के झांसे में आने वाले नहीं है । बेरोजगारों छात्र नौजवानों से बढ़ चढ़कर राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के प्रत्याशियों को वोट देने की अपील करते हैं कि वोट के चोट से अपनी ताकत का एहसास कराएंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्याशियों का चयन जारी है जो भी युवा राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के बैनर तले चुनाव लड़ेगा ।मजबूती से उस के पक्ष में माहौल बनाने का पुरजोर कोशिश होगी ताकि विधानसभा में नौजवानों की मजबूत उपस्थिति दर्ज हो सके ।शशांक शेखर सिंह पुष्कर ने दावा किया कि बगैर राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के उत्तर प्रदेश में कोई सरकार नहीं बनेगी।

## नया आधार कार्ड बनवाने या अपडेट कराने का मौका: डाक विभाग वाराणसी समेत 6 जिलों में चलाएगा अभियान

वाराणसी ब्यूरो : अगर आपको नया आधार कार्ड बनवाना है या फिर उसमें नाम, पता, मोबाइल नंबर आदि में संशोधन कराना चाहते हैं तो इसके लिए गुरुवार को आप डाकघरों में पहुंचकर ये काम करा सकते हैं। डाक विभाग की ओर से 13 जनवरी को नया आधार बनाने और संशोधन के लिए वाराणसी समेत छह जिलों में विशेष अभियान चलाया जाएगा। डाक विभाग वाराणसी परिक्षेत्र के तहत वाराणसी, भदोही, चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर व बलिया जिले आते हैं। बृहस्पतिवार को अभियान इन जिलों के 129 डाकघरों में चलाया जायेगा। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डाकघरों में कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए विशेष अभियान चलाया जाएगा। जहां आधार नामांकन और अपडेशन का कार्य आसानी से कराया जा सकेगा। इतना लगेगा शुल्क पोस्ट ऑफिस में आधार सेवाओं का लाभ कोई भी ले सकता है। वाराणसी परिक्षेत्र में वर्ष 2021 में 3.33 लाख से ज्यादा लोगों का आधार नामांकन व संशोधन डाकघरों द्वारा किया गया। इसमें नया आधार कार्ड तो निःशुल्क बनता है जबकि डेमोग्राफिक संशोधन (नाम, जन्म तिथि, लिंग, पता, मोबाइल व ईमेल) के लिए 50 रुपये और बायोमेट्रिक संशोधन (फिंगरप्रिंट, आईरिस व फोटो) के लिए 100 रुपये शुल्क जमा करना होगा। वाराणसीः इन डाकघरों में होगी सुविधा वाराणसी (पूर्वी) मंडल के प्रवर डाक अधीक्षक राजन राव और वाराणसी (पश्चिमी) मंडल के डाक अधीक्षक संजय वर्मा ने बताया कि जिले में वाराणसी प्रधान डाकघर, वाराणसी कैंट प्रधान डाकघर, अस्सी, कमच्छा, गंगापुर, काशी आरएस, चेतगंज, चौबेपुर, जखानी, डीएलडब्लू., नगर महापालिका, पिंडरा, भेलुपुर, मदनपुरा, महामंडल, मालवीय नगर, मिजार्मुराद, राजातालाब, लंका, वाराणसी सिटी, संस्कृत विश्वविद्यालय, काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) , सारनाथ, बीएचयू आदि डाकघरों में आधार की सेवाएं ली जा सकती हैं।

## काशी विश्वनाथ दरबार की दीवारें होंगी स्वर्णमंडित : दानदाताओं के प्रस्ताव पर मंदिर प्रशासन कर रहा विचार

वाराणसी ब्यूरो : द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक काशी विश्वनाथ का मंदिर अब नीचे से ऊपर तक स्वर्ण आभा से दमकता नजर आएगा। बाबा श्री काशी विश्वनाथ के शिखर के बाद अब गर्भगृह की दीवारें स्वर्ण मंडित होंगी। वहीं बैकुंठ महादेव के शिखर को भी स्वर्ण पत्तरों से मढ़वाया जाएगा। घिसने से कमजोर हो चुके बाबा के मूल स्वर्ण शिखर पर नए सिरे से गोल्डन कोटिंग कराई जाएगी। गर्भगृह की दीवारों और शिखरों को स्वर्ण मंडित कराने की बहुप्रतीक्षित योजना को हरी झंडी मिलने के आसार नजर आ रहे हैं। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह, शिखर और बाहरी दीवारों पर स्वर्ण पत्तर मढ़ने की तैयारी की जा रही है। देश भर के कुछ दानदाताओं ने मंदिर को स्वर्णमंडित कराने के लिए अपना प्रस्ताव दिया है। छह साल पहले योजना नहीं बढ़ सकी थी आगे मंदिर प्रशासन दानदाताओं के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। छह साल पहले बनी इस योजना पर 42 करोड़ के खर्च का अनुमान लगाया गया था और तब मंजूरी भी मिल गई थी। जब शासन ने स्वर्ण शिखर और दीवारों पर अतिरिक्त भार सहने की क्षमता की रिपोर्ट मांगी तो बीएचयू आईआईटी ने अपनी रिपोर्ट में अतिरिक्त भार सहने योग्य नहीं माना था। वहीं सीबीआरआई ने भार सहने की क्षमता के अनुरूप बताया था। यही कारण था कि यह योजना आगे नहीं बढ़ सकी और शासन ने खारिज कर दिया था। अब पुनः इसकी तैयारी शुरू हो गई है। इस बार में सीईओ सुनील वर्मा ने कहा कि स्वर्ण मंडित कराने के लिए कुछ दानदाताओं का प्रस्ताव आया है। फिलहाल इस पर विचार किया जा रहा है। महाराज रणजीत सिंह ने किया था सोना दान। काशी विश्वनाथ मंदिर का निर्माण 1780 में इंदौर की महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने कराया था। शाह सुजाउद्दौला से युद्ध में जीते गए सोने के



एक तिहाई भाग को पंजाब के महाराजा रणजीत सिंह ने बाबा के दरबार में अर्पित किया था। बेंगलूरू की कंपनी ने दिया था प्रस्ताव। 2016 में न्यास परिषद ने मंदिर परिसर के अविमुक्तेश्वर, तारकेश्वर और रानी भवानी के भुवनेश्वर मंदिर के शिखरों को स्वर्ण मंडित कराने का प्रस्ताव दिया था। तब बेंगलूरू की स्मार्ट क्रिएशन कंपनी ने 42 करोड़ रुपये में इस योजना को साकार करने का प्रस्ताव दिया था लेकिन स्वर्ण पत्तर चढ़ाने से पहले मंदिर के शिखर और दीवारों की भार सहने करने की क्षमता की रिपोर्ट मांगी गई थी। बीएचयू आईआईटी के विशेषज्ञों ने अपनी रिपोर्ट में इसे अतिरिक्त भार सहने के योग्य नहीं माना था लेकिन सीबीआरआई ने अपनी अंतरिम रिपोर्ट में स्वर्ण पत्तरों का भार सहने की क्षमता के अनुरूप बताया। इसको देखते हुए योजना परवान नहीं चढ़ सकी। काशी विश्वनाथ मंदिर के बारे में 1780 में इंदौर की महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने कराया विश्वनाथ मंदिर के मौजूदा स्वरूप का निर्माण। 1853 में पंजाब के तत्कालीन महाराजा रणजीत सिंह ने साढ़े 22 मन सोने से शिखर को कराया था स्वर्ण मंडित। 1000 किलो सोना बाबा के शिखर में महाराजा रणजीत सिंह ने लगवाया था।

## मास्क नहीं लगाया तो 500 जुर्माना: वीडीए वीसी ने अपने ही एक अधिकारी पर लगाया अर्थदंड

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी विकास प्राधिकरण(वीडीए) प्रशासन ने मास्क नहीं लगाने पर बुधवार को अपने एक एई का चालान काट 500 रुपये का अर्थदंड लगाया। साथ ही ताकीद कि गई कि भविष्य में ऐसी गलती कोई न करे। अगर कोई कर्मी ऐसा करता है तो उसे भी दंडित किया जाएगा। कोरोना की तीसरी लहर के बीच यह पहली घटना है जिसमें किसी सरकारी विभाग ने अपने ही कर्मी के खिलाफ कार्रवाई की है। वीडीए वीसी ईशा दुहन की कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मच गया है। वीसी ने जारी आदेश में सभी कर्मचारियों को मास्क पहनने को लेकर सख्ती की है। कहा कि विभागीय कर्मचारी गाइडलाइन का हर हाल में पालन करें, नजरअंदाज न करें। शिकायतों का संदर्भ ऑनलाइन वीडीए की वेबसाइट पर दर्ज करने के साथ ही उसकी रोजाना मॉनीटरिंगरोज निगरानी का निर्देश दिया है। ट्रोल फ्री नंबर 18001200288 पर भी शिकायत की सुविधा दी गई है। कैंट स्टेशन और रोडवेज परिसर में नियमों की अनदेखी कैंट रेलवे स्टेशन और रोडवेज पर कोरोना नियमों की अनदेखी की जा रही है। इससे संक्रमण का खतरा बना हुआ है। रोडवेज की बसों में बिना रोकटोक यात्री बिना मास्क के सफर कर रहे हैं। बिना दूरी और मास्क के कई यात्री परिसर में टहल रहे थे। रेलवे स्टेशन पर दोपहर में यात्री हॉल, प्लेटफार्मों और काउंटर पर सामाजिक दूरी का पालन नहीं दिखा। बनारस स्टेशन पर शाम को कोरोना जांच नहीं बनारस रेलवे स्टेशन के दूसरे प्रवेश द्वार पर बनाए गए कोविड जांच केंद्र पर सुबह आठ से लेकर शाम चार बजे तक ही यात्रियों की जांच हो रही है। जबकि स्टेशन से नई दिल्ली और मुंबई जाने वाली ट्रेनों का संचालन और आगमन बनारस स्टेशन से होता है। बुधवार को जांच टीम के जाने के बाद जांच डेस्क की कुर्सियों पर यात्री सोते नजर आए। नगवां में अवैध निर्माण ढहाया, मचा हड़कंप अवैध निर्माणों के खिलाफ वीडीए की कार्रवाई लगातार जारी है। बुधवार को नगवां वार्ड के खोजवां सरायनंदन में मुन्ना मिश्रा के वेल्डिंग वर्कशॉप को वीडीए की टीम ने ढहा दिया। जोनल अधिकारी परमानंद के मुताबिक इस अवैध निर्माण की शिकायत के बाद उस पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। चोरी–छिपे हुए इस निर्माण की जानकारी जब क्षेत्र के जेई पीएन दूबे को हुई तो वह बुधवार को जेई प्रमोद तिवारी, रामचंद्र के साथ मौके पर पहुंचे और मजदूरों के सहयोग से अवैध वर्कशॉप को तोड़कर कर गिरा दिया। कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मचा रहा।

## खालसा इण्टर कालेज गुरुद्वारा नाका हिण्डोला चारबाग लखनऊ में किया गया लोहड़ी के त्यौहार का विशेष आयोजन

आर एल पाण्डेय लखनऊ। आज दिनांक 13 जनवरी 2022 को लोहड़ी के त्यौहार का विशेष आयोजन खालसा इण्टर कालेज, गुरुद्वारा नाका हिण्डोला चारबाग, लखनऊ में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक स० राजेन्द्र सिंह बग्गा जी ने विद्यालय में उपस्थित समस्त शिक्षक / शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों को लोहडी के त्यौहार की बधाई देते हुए कहा कि लोहडी एक समाजिक पर्व है यह पंजाबी समाज के लोग बेटे की शादी की पहली लोहड़ी या बच्चे के जन्म की पहली लोहड़ी बड़ी खुशी एवं उल्लास के साथ मनाते है लोहड़ी पंजाब की लोक संस्कृति का महत्त्वपूर्ण त्यौहार है। इस त्यौहार को पूरे भारत में बड़ी ही श्रद्धा के साथ मनाया जाता है, मगर पंजाब में इस त्यौहार को बहुत बड़े पैमाने पर मनाते हैं। पूरे वर्ष भर को इस त्यौहार का इन्तजार रहता है, पर विशेष रूप से घर में नवविवाहिता एवं नवजात शिशु के आते ही लोहड़ी के त्यौहार की प्रतिक्षा की जाती है। ये दोनो लोहड़ी के शगुन का केन्द्र होते है। विद्यालय में कोविड–19 की गाइडलाइन, मास्क लगाकर एवं सोशल डिस्टेसिंग का पूर्णतय: पालन करते हुए प्रबन्धक स० राजेन्द्र सिंह बग्गा जी के संरक्षण में एक विशेष लंगर का आयोजन (तहरी भोज) किया गया। प्रबन्धक महोदय ने विद्यालय परिवार को यह भी बताया कि यह त्यौहार मकर संक्रान्ति की पूर्व सन्धया पर मनाया जाता है। लोहड़ी को पहले तिलोड़ी कहा जाता था। यह शब्द तिल और रोडी (गुड़ की रोड़ी) के शब्दों से बना है जो समय के साथ बदलकर लोहड़ी के नाम से प्रसिद्ध हो गया। इस पर्व पर लकड़ियों को इकट्ठा कर आग जलाई जाती है और अग्नि के चारो तरफ चक्कर लगाकर अपने जीवन को खुशियों और सुख शान्ति से व्यतीत होने की कामना करते है और उसमे रेवड़ी, मुंगफली खील, मक्की आदि के दानो की आहूति देते है और नाचते गाते हैं जिस घर




में नई शादी हुई होती है या बच्चा पैदा होता है वह त्यौहार को विशेष तौर पर मनाते हैं। लोहड़ी की रात बहुत ठंड़ी और लम्बी होती है। लोहड़ी के बाद रात छोटी और दिन बड़ा हो जाता है। गाथा है कि बादशाह अकबर के समय दुल्ला भट्टी नाम का डाकू था पर वह दिल का बड़ा नेक था वह अमीरो को लूटकर गरीबों में चॉट देता था वह अमीरों द्वारा जबरदस्ती से गुलाम बनाई गई लड़कियों को उनसे छुड़वा कर उन लड़कियों की शादी करवा देता था और दहेज भी अपने पास से देता था, वह दुल्ला भट्टी वाला के नाम से प्रसिद्ध हो गया तभी से लोहड़ी की रात आग जला कर और रंग–बिरंगे कपड़े पहन कर नाचते गाते है और उसका गुणगान करते है पंजाब के प्रसिद्ध लोक गीत सुंदर मुंदरिए–हो, तेरा कौन विचारा–हो, दुल्ला भट्टी वाला–हो, दुल्ले ने धी व्याही हो। इस तरह के लोकगीतो को गाकर इस पर्व को मनाते है। कार्यक्रम के उपरान्त प्रवन्धक महोदय ने विद्यालय के समस्त सम्मानित अध्यापकों को एक बार फिर से लोहड़ी की बधाई एवं अपना आर्शीवाद दिया।

# जनपद में अभियान के तहत कुल 08 वारंटी व 05 वांछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद की कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने एवं अपराध/अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु पुलिस अधीक्षक जौनपुर, श्री अजय साहनी के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत जनपद के थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए कुल 08 वारंटी व 05 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसका थानावार विवरण निम्न प्रकार हैः– थाना सुरेरी पुलिस द्वारा तीन वारंटी अभियुक्त 1. सुबेदार राजभर पुत्र विदेशी राजभर निवासी नूरपुर थाना सुरेरी जनपद जौनपुर 2. साहबलाल राजभर पुत्र विदेशी राजभर निवासी नूरपुर थाना सुरेरी जनपद जौनपुर 3. रामजियावन सरोज पुत्र भद्दर निवासी ग्राम नोनरा (सियरही) थाना सुरेरी जनपद जौनपुर गिरफ्तार। थाना नेवढ़िया पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्त राजू सोनकर पुत्र रामआसरे निवासी अहिरौली थाना नेवढ़िया जनपद जौनपुर व वारंटी अभि0 राकेश पुत्र देवमनी निवासी लक्षनपुर थाना नेवढ़िया जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। थाना रामपुर पुलिस द्वारा एक वारंटी अभियुक्त कटोरी लाल पुत्र सुक्खू निवासी बनीडीह थाना रामपुर जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। थाना शाहगंज पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त पतिराम पुत्र रामचन्दर नि0 मजडीहा थाना शाहगंज जनपद जौनपुर को किया गिरफ्तार। थाना खुटहन पुलिस द्वारा एक वारंटी अभियुक्त विजेन्दर केवट पुत्र राम अवध केवट निवासी ग्राम मोजीपुर थाना खुटहन जौनपुर गिरफ्तार। थाना लाइनबाजार पुलिस ने दो वांछित अभियुक्त 1– अच्छेलाल सोनकर पुत्र स्व0 रघुनाथ सोनकर 2– बबलू सोनकर उर्फ दीपक पुत्र स्व0 रघुनाथ सोनकर निवासीगण हुसैनाबाद थाना लाइनबाजार जौनपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0 284/21 धारा 147/323/504/506/326/325/308 भा0द0वि0 को गिरफ्तार किया गया। थाना सरपतहाँ पुलिस ने दो वांछित अभियुक्त 1. राम सुन्दर पुत्र पुल्लू अग्रहरि 2. सुशीला देवी पत्नी पुल्लू अग्रहरि निवासीगण रुधौली थाना सरपतहां जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0 13/2022, धारा 147/452/304/323/504 भादवि0 को गिरफ्तार किया गया। थाना चन्दवक पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्त प्यारेलाल उर्फ मुन्ना कहार पुत्र फेरू निवासी बीरीबारी थाना चंदवक जौनपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0 222/21 धारा 376, 504, 506, 498ए आईपीसी व 3/4 डीपी एक्ट को किया गया गिरफ्तार।

## विगत वर्षों की भाति इस वर्ष भी 14 जनवरी 2022 को मकर संक्रान्ति का पर्व हिन्दू समुदाय द्वारा परम्परागत ढंग से मनाया जायेगा : अपर जिलाधिकारी

जौनपुर सू.वि. : अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश द्वारा द्वारा अवगत कराया गया है कि विगत वर्षों की भाति इस वर्ष भी 14 जनवरी 2022 को मकर संक्रान्ति का पर्व हिन्दू समुदाय द्वारा परम्परागत ढंग से मनाया जायेगा। इस अवसर पर जनपद के नगर/ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सई, गोमती आदि नदियों के प्रमुख घाटों पर हिन्दू श्रद्धालुओं द्वारा प्रातः से ही स्नान कर पूजा–अर्चना/ दान का कार्य सम्पन्न होता है। उक्त अवसर पर नदियों पर स्थित प्रमुख घाटों जैसे थानाक्षेत्र कोतवाली अन्तर्गत हनुमान घाट, गोपी घाट, विसर्जन घाट, थानाक्षेत्र लाइन बाजार अन्तर्गत सुरजघाट, अचलादेवी घाट, थाना क्षेत्र खुटहन अन्तर्गत पिलकिछा घाट, थानाक्षेत्र जलालपुर के अंतर्गत राजेपुर, त्रिमुहानी, थानाक्षेत्र केराकत अन्तर्गत ग्राम विजयीपुर स्थित गोमती नदी तथा सई नदी के संगम स्थल पर त्रिमुहानी पर, थानाक्षेत्र जफराबाद स्थित ग्राम जमेथा में महर्षि युगदग्नि मुनि मन्दिर के घाँट, गोमती नदी नाव घाट, ग्राम धनेजा नाईवीर बाबा घाट सई नदी, थानाक्षेत्र सरायख्वाजा अन्तर्गत गोमती नदी के बैजारामपुर घाट, छुनछा घाट, हल्दीपुर घाट, थानाक्षेत्र बक्सा अन्तर्गत चुरावनपुर घाट, थानाक्षेत्र सिकरारा अन्तर्गत उगापुर घाट, थानाक्षेत्र मड़ियाहूँ अन्तर्गत ऊँचनीकला गांव के पास सई नदी आदि धार्मिक स्थलों पर पुरुष/महिलाओं बच्चों की भीड़ रहती है, जिससे मेल जैसा दृश्य रहता है, उक्त त्यौहार के अवसर पर नवयुवक वर्ग /बच्चों द्वारा पतंग उड़ाया जाता हैं, जिससे दुर्घटना होने की सम्भावना बनी रहती है। उक्त के दृष्टिगत वर्तमान में आदर्श चुनाव आचार संहिता एवं विगत में देश–प्रदेश में कोविड–19 में वृद्धि आदि के दृष्टिगत उक्त अवसर पर नदियों के घाटों एवं भीड़ वाले स्थानों पर समुचित पुलिस/प्रबन्धा/सतर्कता/यातायात व्यवस्था की अपेक्षा की गयी है। उन्होंने आदेशित किया जाता है कि उपरिवर्णित स्थलों पर समुचित पुलिस प्रबन्ध/सतर्कता तथा यातायात की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय तथा कोविड 19 गाईडलाइन का अक्षरश पालन सुनिश्चित कराते हुये यह ध्यान रखा जाय कि किसी भी दशा में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो। समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट अपने–अपने क्षेत्र में व्यवस्था सुनिश्चित करें कि कोई समस्या कठिनाई या नियमों का उल्लंघन न हो।

## जिले के 24 मण्डलों के शक्ति केन्द्रों पर हुआ लाभार्थी सम्पर्क



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिले के 24 मण्डलों पर भाजपाई घर–घर जाकर मोदी और योगी सरकार की उपलब्धियों को बताने का काम किया। अभियान की शुरूआत करते हुए जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि जनसंपर्क अभियान के तहत मतदाताओं से मिलकर उन्हें कमल चुनाव चिन्ह का स्टीकर देकर पार्टी के पक्ष में वोटिंग करने की अपील करेंगे। कोरोना प्रोटोकॉल का पालन कर घर–घर पहुंचें भाजपाई जनसंपर्क अभियान के तहत पार्टी के नेता और कार्यकर्ता कोरोना प्रोटोकॉल पालन करते हुए घर–घर गये लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा किसानों, श्रमिकों, महिलाओं, युवाओं के लिए किए गए कार्यों की जानकारी लोगों को दिये और लोगों को बताये कि प्रदेश की योगी सरकार ने कैसे अपराधियों पर नकेल कसी, कैसे बेघरों को आवास मुहैया कराए, घर–घर बिजली पानी पहुंचाने के लिए प्रयास किए तथा कैसे यूपी को रोजगार प्रदेश बनाया और कैसे किसानों के जीवन को खुशहाल बनाया है। कल मकर संक्रांति के अवसर पर भाजपाई करेंगे दलित बस्तियों में सहभोज। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने बताया कि कल मकर संक्रांति के सुभ अवसर पर भाजपा के प्रत्येक शक्ति केन्द्रों पर सह भोज का आयोजन किया गया है जिसमे पार्टी के जनप्रतिनिधियों सहित पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता दलित भाइयों के साथ पंगत में बैठकर भोजन करेगे। तीन श्रेणियों में विभाजित की गई टोलियां। अभियान के तहत तीन श्रेणियों में कार्यकर्ता प्रवास किये इसमें महिला संपर्क, सामाजिक संपर्क और लाभार्थी संपर्क शामिल हैं। सभी 9 विधानसभा में क्षेत्रों के अनुरूप टोलियां बनाई गई हैं। सभी टोलियों में चुनाव आयोग के निर्देशों के तहत अधिकतम 5 कार्यकर्ता शामिल हैं। संपर्क के क्रम में सभी टोलियों के लोग कोविड व्यवहार का पालन किया। लोगों को मास्क, सैनिटाइजर और पत्रक का वितरण कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त संपर्क टोली लोगों के घरों में भाजपा के स्टीकर और झंडे लगाने का आग्रह कर झंडे और स्टीकर लगाये। भाजपा सरकार की योजनाओं और गरीब कल्याण की योजनाओं, कानून व्यवस्था में सुधार, गुण्डाराज और माफियाराज की समाप्ति, महिलाओं–बेटियों की सुरक्षा के लिए किए गए कार्यों, गरीब, वंचित कल्याण की योजनाओं के बारे में जानकारी देकर लोगों को भाजपा के पक्ष में वोट डालने की अपील किया गया। महिला मोर्चा ने आधी आबादी महिलाओं से सम्पर्क कर भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की। भाजपा की महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष रागिनी सिंह के अध्यक्षता में 72 घर मे सम्पर्क कर महिलाओं से निवेदन किया कि घर से निकलकर भाजपा के पक्ष में वोट डालने की अपील की। अल्पसंख्यक मोर्चा ने मुस्लिम बस्तियों में लाभार्थियों से सम्पर्क किया सदर इमामबाड़ा बेगमगंज में अल्पसंख्यक लोगों में लाभार्थियों से मुलाकात करके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज प्रधानमंत्री मोदी की योजनाओं के बारे में बताया गया जिससे लाभार्थी ने कहे कि अगली सरकार योगी आदित्यनाथ महाराज की बनाई जाएगी हम सब लोग वोट देंगे। इसमें प्रमुख रूप से सांसद, विधायक, जिला पंचायत सदस्य, नगर पालिका अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख, जिला पदाधिकारी, मण्डल के अध्यक्ष गण, मण्डल महामंत्री गण शक्ति केन्द्र प्रमुख गण, महिला मोर्चा के पदाधिकारी गण, पिछड़ा मोर्चा के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# चुनाव में खलल डालने वालों और वोटरों को धमकाने वालों को भेजा जाए जेल : डीसीपी

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट के काशी जोन के डीसीपी आरएस गौतम ने बुधवार को रामनगर थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस कर्मियों को चुनाव के बाबत क्षेत्रों में गश्त तेज करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव में खलल डालने वालों और वोटरों को धमकाने वालों को जेल भेजा जाए। उन्होंने कहा कि आचार संहिता का पालन कराएं। कहीं भी राजनीतिक बैनर व पोस्टर न लगा हो। लागू धारा 144 के तहत नगर में कहीं भी पांच से अधिक व्यक्ति मिलने पर कार्रवाई करें। सुरक्षा के मद्देनजर लाइसेंसी शस्त्रों को जमा कराने की प्रक्रिया शुरू करें। इसके अलावा मतदान स्थलों का निरीक्षण कर, वहां की व्यवस्था का अवलोकन करें। शराब और नकदी बांटने वालों पर पुलिस की पैनी नजर विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को लुभाने के लिए शराब और नकदी बांटने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। चुनाव के दौरान 50 हजार से अधिक नगदी लेकर चलने वालों को पकड़े जाने पर प्रमाण देना होगा। यदि आय का स्रोत नहीं बता पाएंगे तो कार्रवाई होगी। पिछले विधानसभा चुनाव में वाराणसी जोन के तीन मंडलों के दस जिलों में पुलिस ने नकदी पकड़ी थी। इसमें कुछ लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई थी। इस विधानसभा चुनाव में भी वाराणसी जोन के सभी 10 जिलों में पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है। संवेदनशील इलाकों और मतदान केंद्रों के आसपास पुलिस की गश्त तेज करने का निर्देश दिया गया है। 50 हजार से अधिक कैश जिनके पास मिलेगा, उनसे पूछताछ की जाएगी। सही जानकारी देने पर कार्रवाई की जाएगी।

## जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों के साथ बैठक कर कोविड–19 टीकाकरण कार्य की समीक्षा की गई

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर कोविड–19 टीकाकरण कार्य की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि 20 जनवरी तक सेकंड डोज में 75: लक्ष्य प्राप्त कर लें । उन्होंने कहा कि स्कूलों में 15 से 18 वर्ष के बच्चों को टीकाकरण कराया जा रहा है जिसमें जल्द जल्द शत–प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कोई भी ऐसा व्यक्ति अवशेष ना रहे जिन्होंने टीका न लगवाया हो। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह,जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह,जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आर.डी यादव, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी नरेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संजय कुमार ने किया फायर स्टेशन का निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : डा0 संजय कुमार अपर पुलिस अधीक्षक नगर, जौनपुर द्वारा फायर स्टेशन जौनपुर का निरीक्षण किया गया,



निरीक्षण के क्रम में फायर सर्विस की गाड़ियों, उपकरणों के बारे में जानकारी ली गयी, स्टोरबुक के रखरखाव व नवनिर्मित भवन आदि का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक आदेश निर्देश दिया गया।

## बढ़ती महंगाई रोकने के लिए परिवर्तन जरूरी –तेजबहादुर मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरायख्वाजा क्षेत्र के जासोपुर में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई ।जिसमें बढ़ती महंगाई को लेकर चर्चा की गई और विरोध जताया कहा कि इसे रोकने के लिए परिवर्तन जरूरी है। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक सेक्टर एवं बूथ प्रभारियों की उपस्थिति में हुई। जिसमें सपा के वरिष्ठ नेता तेज बहादुर मोर्य पप्पू ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वह बढ़ती महंगाई इस समय असहाय गरीब लोगों का कमर तोड़ दिया है। इसे रोकने के लिए परिवर्तन जरूरी है। इसमें कार्यकर्ताओं को चाहिए कि वह जरूरतमंद पिछड़े तबके के लोगों के डोर टू डोर जाएं और उनसे कहें कि बढ़ती महंगाई पर रोक लगाने के लिए सपा ही सत्ता में आने के बाद रोक लगा सकती है। इसलिए समाजवादी पार्टी से जुड़े और बढ़ती महंगाई का विरोध करें ।इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष गजराज यादव ने बुथ व सेक्टर प्रभारियों से कार्यकर्ताओं से प्रगति रिपोर्ट लिया। करंजाकला विकास खण्ड के सपा अध्यक्ष अशोक कुमार यादव ने कहा कि कार्यकर्ता किसी के बहकावे में ना आए ,क्योंकि विरोधी लोगों को गुमराह कर रहे हैं और साजिश करके बदनाम करने की भी कोशिश करेंगे। इससे सतर्क रहना होगा। इस अवसर पर सुरेंद्र यादव ,राजेश कुमार, दारा सिंह चौहान, रंग बहादुर चौहान ,अमित बिंद , मोहम्मद जफर, मुकेश कश्यप, रोहित पाल, दिलीप प्रजापति मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी द्वारा जनपद में चल रहे कोविड टीकाकरण कार्य का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा काली प्रसाद इंटरमीडिएट कालेज जफराबाद, आर.एल.वी इंटर कालेज नत्थनपुर में चल रहे कोविड टीकाकरण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बच्चो में कोविड टीकाकरण के प्रति भारी उत्साह देखने को मिला। उन्होंने कहा कि दिए गए लक्ष्य को शत–प्रतिशत प्राप्त करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी 15 से 18 वर्ष के बच्चो को शत–प्रतिशत टीका अवश्य लग जाएं। उन्होंने उपस्थित सभी लोगो से अपील किया कि कोविड का टीका अवश्य लगाएं। जिलाधिकारी ने टीमें बढाकर वैक्सीनेशन की गति को और तेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन से ही कोविड–19 से बचाव संभव है। इस कार्य में कतई लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित, रमेश यादव सहित स्वास्थ्य विभाग की टीमें अन्य उपस्थित रहे।

## पीयू में विवेकानंद जयंती पर आयोजित हुई भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय योजना भवन में भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में ज्योति जायसवाल प्रथम, अंकित मिश्र द्वितीय, आस्था यादव, अंबुज विश्वकर्मा एवं सुंदरम दुबे को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अरुण यादव प्रथम,



अश्वनी सिंह द्वितीय, सुंदरम दुबे, नीरज कुमार एवं श्रद्धा संजय गुप्ता संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। विजेता सभी प्रतिभागियों को कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए आयोजित इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. निर्मला एस.मौर्य ने सभी विजेता प्रतिभागियों एवं स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए उन्हें स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलकर एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए प्रेरित किया और कहा कि आपका चरित्र इस ढंग से विकसित हो जिससे हर बच्चा स्वामी विवेकानंद बने और भारत के गौरव की पताका विश्व में फहराए। स्वागत भाषण कार्यक्रम समन्वयक डॉ राकेश कुमार यादव एवं संचालन डॉ अजय कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ जगदेव ने किया। इस अवसर पर डॉ अवधेश कुमार मौर्य, डॉ विनय कुमार वर्मा, डॉ शशिकांत यादव, शारदानंद उपाध्याय, सर्वेश यादव, कयामुद्दीन खान, मुन्ना रावत, सत्यम सुंदरम मौर्य, सुमित सिंह, आस्था यादव, सुप्रिया सिंह,आँचल आदि उपस्थित रहे।

## जौनपुर थाना खेतासराय, स्वाट व संर्विलांस की संयुक्त टीम ने पाँच शातिर अंतर्राज्यीय एटीएम चोरों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के तहत, डा0 संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व श्री अंकित कुमार, क्षेत्राधिकारी शाहगंज के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खेतासराय मय हमराह पुलिस बल के साथ खेतासराय चौराहे पर मौजूद थे कि प्रभारी स्वाट टीम श्री आदेश त्यागी व प्रभारी सर्विलांस श्री रामजनम यादव मय टीम के उपस्थित आ गये, आपस में अपराध एवं अपराधियों के बारे में बात चीत कर रहे थे कि मुखबिर खास कि सूचना पर एकबारगी दबिश देकर दिनांक–12.01.2022 समय–03.30 बजे बारा मोड़ के पास खुटहन रोड से पाँच अन्तर्राज्यीय एटीएम चोरो को गिरफ्तार किया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर तथा जामा तलाशी लेने पर उनके पास से एटीएम कार्ड, तमंचा कारतूस, मोबाइल व मीनी डिस्क स्वैप मशीन बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगणों के विरुद्ध थाना खोतासराय पर मु0अ0स0–05/2022 धारा–420/411/34 भादवि व मु0अ0सं0–06/2022 धारा–3/25 आर्म्स एक्ट बनाम मनोज यादव उर्फ हरिश्चन्द्र यादव पुत्र श्यामदेव यादव निवासी भुड़कुड़हा थाना खेतासराय जौनपुर व मु0अ0सं0–07/2022 धारा–3/25 आर्म्स एक्ट बनाम तेजबहादुर सिंह उर्फ तेजा सिंह पुत्र साहब सिंह निवासी शेखअशरफपुर थाना खुटहन जौनपुर पंजीकृत किया गया। उपरोक्त शातिर एटीएम चोरों का एक अंतर्राज्यीय गैंग है, जिसका सरगना मनोज यादव उर्फ हरिश्चन्द्र यादव पुत्र श्यामदेव यादव निवासी भुड़कुड़हा थाना खेतासराय जौनपुर है। जो विभिन्न स्थानों पर अपने गिरोह के सदस्यों के साथ एटीएम कार्ड की हेराफेरी करके भोलेभाले लोगों को फसाकर उनके खाते से रूपये निकाल लेते है। अपने गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर मध्य प्रदेश में बैढन, जनपद सोनभद्र में राबर्ट्सगंज, ओबरा, रेनूकूट तथा शक्तिनगर व जनपद देवरिया में कस्बा पथरदेवा थाना तरकूलहा तथा जनपद आजमगढ़, जनपद जौनपुर तथा जनपद गया बिहार में कई घटनाओं को कारित कर चुके है। मनोज यादव उपरोक्त अपनी पहचान छुपाने के लिए बिहार से धर्मेन्द्र कुमार सिंह तथा रोहित कुमार सिंह को बुलाया था तथा उन लोगो को बताया था कि मैं एटीएम कार्ड बदलकर उसकी डुप्लीकेट कापी निकालकर कोड सहित तुम लोगो को दे दूगां और तुम लोग जौनपुर के एटीएम मशीनों से पैसा निकाल लेना जिससे हमारी पहचान न हो सके। अभियुक्तगण उपरोक्त की गिरफ्तारी से जनपद में आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगेगा। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद जौनपुर द्वारा पुलिस टीम को 25000 रूपये पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण व आपराधिक इतिहास– 1.मनोज यादव उर्फ हरिश्चन्द्र यादव पुत्र श्यामदेव यादव निवासी भुड़कुड़हा थाना खेतासराय जौनपुर। 1.मु0अ0सं0 181/2014 धारा 394 भा0द0वि0 थाना कोतवाली जनपद सिही मध्य प्रदेश। 2.मु0अ0सं0 420/2015 धारा 419/ 420/ 467/ 468 भा0द0वि0 थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़। 3.मु0अ0सं0 152/ 2018 धारा 323/504/506



भा0द0वि0 थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 4.मु0अ0सं0 23/2019 धारा 60(2) आबकारी अधि0 व 272 भा0द0वि0 थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 5.मु0अ0सं0 34/2013 धारा 307 भा0द0वि0 थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 6.मु0अ0सं0 96/2013 धारा 394 भा0द0वि0 थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 7.मु0अ0सं0 831/2014 धारा 392 भा0द0वि0 थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 8.मु0अ0सं0 866/2014 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 9.मु0अ0सं0 867/2014 धारा 468/471 भा0द0वि0 थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 10.मु0अ0सं0 05/2022 धारा 420/411/34 भा0द0वि0 थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 11.मु0अ0सं0 06/ 2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 2.तेजबहादुर सिंह उर्फ तेजा सिंह पुत्र साहब सिंह निवासी शेखअशरफपुर थाना खुटहन जौनपुर। 1.मु0अ0सं0 516/2009 धारा 307 भा0द0वि0 थाना खुटहन जनपद जौनपुर। 2.मु0अ0सं0 517/2009 धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना खुटहन जनपद जौनपुर। 3.मु0अ0सं0 261/2008 धारा 110 जी सीआरपीसी थाना खुटहन जनपद जौनपुर। 4.मु0अ0सं0 349/2008 धारा 3(1) गुण्डा अधि0 थाना खुटहन जनपद जौनपुर। 5.मु0अ0सं0 90/2012 धारा 110 जी सीआरपीसी थाना खुटहन जनपद जौनपुर। 6. मु0अ0सं0 222/2011 धारा 308/323/504/506 भा0द0वि0 थाना खुटहन जनपद जौनपुर।7.मु0अ0सं0 224/ 2014 धारा 110 जी सीआरपीसी थाना खुटहन जनपद जौनपुर। 8.मु0अ0सं0 129/2020 धारा 419/420 भा0द0वि0 थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर। 9.मु0अ0सं0 05/2022 धारा 420/411/34 भा0द0वि0 थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 10. मु0अ0सं0 07/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 3. अनिल कुमार हरिजन पुत्र हवलदार निवासी केरॉव थाना जलालपुर जौनपुर। 1.मु0अ0सं0 286/2007 धारा 323/452/504/506 भा0द0वि0 थाना जलालपुर जनपद जौनपुर। 2.मु0अ0सं0 324/2011 धारा 352/ 363/ 366/ 506 भा0द0वि0 थाना मडियाहूँ जनपद जौनपुर। 3.मु0अ0सं0 230/2014 धारा 41/411/419/420/467/468 भा0द0वि0 व 65/66 आईटी एक्ट थाना बरदह, आजमगढ़। 4.मु0अ0सं0 05/2022 धारा 420/411/34 भा0द0वि0 थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 4. धर्मेन्द्र कुमार सिंह पुत्र श्रीकान्त सिंह निवासी पकड़ी थाना फतेहपुर जिला गया बिहार। 1.मु0अ0सं0 05/2022 धारा 420/411/34 भा0द0वि0 थाना खेतासराय जनपद जौनपुर । 5. रोहित कुमार सिंह पुत्र सुरेश सिंह निवासी ग्राम पकड़ी थाना फतेहपुर जिला गया बिहार। 1.मु0अ0सं0 05/2022 धारा 420/411/34 भा0द0वि0 थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 11 एटीएम कार्ड विभिन्न बैंको के, 2 तमंचा 315 बोर मय 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक मिनी डिस्क स्वैप मशीन , चार मोबाइल । गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1. श्रीप्रकाश राय , थानाध्यक्ष थाना खेतासराय जनपद जौनपुर । 2. उ0नि0 आदेश कुमार त्यागी, प्रभारी स्वाट मय स्वाट टीम जनपद जौनपुर। 3. उ0नि0 रामजनम यादव, प्रभारी सर्विलांस मय टीम सर्विलांस जनपद जौनपुर। 3.उ0नि0 राकेश सिंह थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 4.का0 छट्टू यादव थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 5. का0 दिनेश सरोज थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 6. का0 अमरनाथ यादव थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 7. का0 संदीप यादव थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 8. का0 अंकित यादव थाना खेतासराय जनपद जौनपुर।

## थाना बक्सा पुलिस ने दो शातिर लुटेरों को किया गिरफ्तार : कब्जे से तमंचा कारतूस नगदी व चोरी की मोटर साइकिल बरामद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर के पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष बक्शा के कुशल नेतृत्व में दिनांक 13/01/2022 को उ0नि0 विवेक कुमार तिवारी चौकी प्रभारी धनियामऊ व उ0नि0 मनोज कुमार सिंह मय हमराह देखभाल क्षेत्र, तलाश वाँछित व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति व वाहन हाईवे मई मोड़ चौराहे पर मौजूद थे कि एक मो0सा0 से तीन व्यक्ति कर्तिहाँ की तरफ से आते हुये दिखायी दिये । चेकिंग के उद्देश्य से पुलिस टीम द्वारा उक्त मो0सा0 को रोकने का प्रयास किये तो वह हम पुलिस वालों को अचानक से देखकर वापस गाड़ी मोड़कर भागने का प्रयास किये जिससे हड़बड़ी में गाड़ी सहित गिर गये,एक व्यक्ति मौके का फायदा उठाकर भाग गया तथा दो व्यक्तियों को पकड़ लिया गया जिनका नाम पता पूछते हुये जामा तलाशी ली गयी तो पहले ने अपना नाम विशाल सिंह पुत्र अजय सिंह उर्फ जैली सिंह निवासी भलुआही थाना बदलापुर जनपद जौनपुर तथा दूसरे ने रोहित कुमार गौतम पुत्र राजेन्द्र प्रसद निवासी मुरादपुर कोटिला थाना बदलापुर जनपद जौनपुर बताया। जामा तलाशी से अभियुक्तगणों के पास से 02 देशी तमन्चा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर एवं लूट का पैसा व मो0सा0 बरामद हुआ । लूट की घटना में प्रयुक्त मो0सा0 हीरो स्पलेण्डर नं0 न्च 62ˇ 5456 बरामद हुई । गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त



विवरण व आपराधिक इतिहास– विशाल सिंह पुत्र अजय सिंह निवासी भलुहाई थाना बदलापुर,जौनपुर। 1. मु0अ0सं0 11/2022 धारा 392/411 भा0द0वि0 थाना बक्सा,जौनपुर। 2. मु0अ0सं0 12/22 धारा 411/413/419/420 भा0द0वि0 थाना बक्सा,जौनपुर। 3. मु0अ0सं0–13/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बक्सा, जौनपुर। 4. मु0अ0सं0 356/2019 धारा 323/504/506 भा0द0वि0 थाना बदलापुर , जौनपुर। 5. मु0अ0सं0 06/2022 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना बदलापुर ,जौनपुर। 6.मु0अ0सं0 90/20 धारा 323/504/506 भा0द0वि0 थाना बदलापुर , जौनपुर। रोहित कुमार गौतम पुत्र राजेन्द्र प्रसद निवासी मुरादपुर कोटिला थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 1.मु0अ0सं0 11/2022 धारा 392/411 भा0द0वि0 थाना बक्सा जौनपुर। 2.मु0अ0सं0 12/22 धारा 411/413/419/420 भा0द0वि0 थाना बक्सा जौनपुर। 3.मु0अ0सं0 14/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बक्सा जौनपुर। 4.मु0अ0सं0 06/2022 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना बदलापुर जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1.दो देशी तमन्चा .315 बोर दो जिन्दा कारतूस .315 बोर। 2.चोरी की मो0सा0 हीरो स्पलेण्डर नं0 न्च 62ˇ 5456 । 3.लूट का 2320रू0 नगद व एक आधार कार्ड। गिरफ्तारी करने वाली टीम का विवरण– 1.श्री दिव्य प्रकाश सिंह, थानाध्यक्ष थाना बक्सा जौनपुर। 2.उ0नि0 विवेक कुमार तिवारी चौकी प्रभारी धनियामऊ थाना बक्सा जौनपुर। 3.उ0नि0 मनोज कुमार सिंह थाना बक्सा जौनपुर। 4. हे0का0 रीतम कुमार, हे0का0 माधव सिंह, का0 उत्तम प्रसाद थाना बक्सा जौनपुर।

# सीएम योगी की अयोध्या विधानसभा से उम्मीदवारी के चलते संतों में दिख रही खुशी की लहर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)राम नगरी अयोध्या में स्थानीय विधानसभा सीट से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उम्मीदवारी तय होने से संतों में खुशी की लहर दौड़ गई है।आचार्य पीठ दशरथ महल बड़ा स्थान पीठाधीश्वर महंत देवेंद्रप्रसादाचार्य ने इसे अयोध्या की संभावनाओं का संयोग बताया।इस संबंध में संतो ने एक सुर में कहा कि योगी आदित्यनाथ ने अपने वर्तमान कार्यकाल में अयोध्या को संवारने की दिशा में अविस्मरणीय भूमिका निभाई है और निकट भविष्य में वे फिर से इस अभियान को ऊंचाई प्रदान करेंगे।राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास ने कहा कि भाजपा और मुख्यमंत्री का यह फैसला अयोध्या को गौरवान्वित करने वाला है और अयोध्या भी मुख्यमंत्री को गौरवान्वित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामदिनेशाचार्य ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अयोध्या के लिए बहुत कुछ किया है। अब अयोध्या की बारी है और अयोध्या उन्हें रिकॉर्ड मतों से विधानसभा में भेज कर अपनी भूमिका का निर्वहन करेगी। सुप्रसिद्ध पीठ रामबल्लभाकुंज के अधिकारी राजकुमार दास के अनुसार अयोध्या धर्म की राजधानी और इस राजधानी का प्रतिनिधित्व यदि मुख्यमंत्री करें तो इससे बेहतर कुछ और नहीं हो सकता। नाका हनुमानगढ़ी के महंत रामदास इसे अयोध्या के लिए सुअवसर करार देते हैं। उनका कहना है कि अयोध्या के पास मुख्यमंत्री के कर्ज से मुक्त होने का अवसर मिला है और इस कर्ज की भरपाई बहुत शानदार तरीके से होगी।दशरथ गद्दी के महान बृजमोहन दास कहते हैं कि योगी जैसे दिग्गज राजनीतिज्ञ के प्रतिनिधित्व से अयोध्या और खिल उठेगी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अयोध्या से विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की अटकलें अब धीरे–धीरे पुष्ट होती जा रही हैं। उनके कुछ विशेष दूत चुनाव के लिए कार्यालय की खोज में जुट गए हैं। भाजपा के कुछ नेताओं ने नाम न छापने की शर्त पर इसकी पुष्टि भी की है। हालांकि, अभी कोई भी खुल कर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। अभी उनकी उम्मीदवारी की घोषणा की प्रतीक्षा की जा रही है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही तस्वीर पूरी तरह साफ हो जाएगी।इस बार का विधानसभा चुनाव ऐसे समय में हो रहा है, जब रामजन्मभूमि पर मंदिर निर्माण का कार्य चल रहा है। ऐसे में यह देखना भी महत्वपूर्ण है कि इसका भाजपा को कितना लाभ



मिलता है। विश्लेषक यह भी मानते हैं कि यदि मुख्यमंत्री अयोध्या सीट से चुनाव लड़ते हैं कि तो इसका असर सिर्फ आसपास ही नहीं, बल्कि राज्य और देश के अन्य प्रदेशों के चुनाव पर भी पड़ेगा। न सिर्फ हिदुत्व का स्वर शिखर पर होगा, बल्कि भाजपा अयोध्या, काशी, मथुरा का संदेश देने में भी कामयाब रहेगी। इसीलिए अब यहां से उनके विधानसभा चुनाव लड़ने की अटकलें लगाईं जा रही हैं। हाल ही में उनके ओएसडी संजीव सिंह ने अयोध्या की चारो मंडल इकाइयों के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं से भेंट भी की थी। सीएम के चुनाव लड़ने की संभावना को इससे भी बल मिल रहा है कि सीएम के कुछ करीबी यहां चुनाव कार्यालय के लिए स्थान की तलाश कर रहे हैं। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार यदि योगी यहां से चुनाव लड़ते हैं तो अयोध्या विस क्षेत्र में तीन कार्यालय बनाए जाएंगे। अयोध्या नगर में केंद्रीय कार्यालय बनेगा, जबकि फैजाबाद नगर और पूराबाजार ब्लाक में भी एक–एक कार्यालय बनाया जाएगा।माना यह भी जा रहा है कि अयोध्या का कार्यालय कारसेवकपुरम अथवा इसी तरह के ऐसे स्थान पर बनेगा, जहां आवागमन आसानी से हो सके।पहले एक प्रमुख पीठ में कार्यालय बनाने की तैयारी भी थी, लेकिन अब कार्यालय को अन्यत्र बनाया जाएगा। निर्वाणी अनी अखाड़े के श्री महंत धर्मदास कहते हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यहां विधानसभा का चुनाव लड़ना निश्चित ही रामनगरी की गरिमा के अनुरूप है। योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री रहते अयोध्या में विकास की अनेक परियोजनाएं चलीं। ऐसे में यहां से चुनाव लड़ना उनके अयोध्या से लगाव को भी दर्शाता है।

## अविवि ने सेमेस्टर परीक्षा केन्द्रों की जारी की अंतिम सूची : कोविड प्रोटोकॉल में कराई जायेगी बी.ए. बी.एस.सी. एवं बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने बीए, बीएससी एवं बी0कॉम प्रथम सेमेस्टर की 20 जनवरी से होने वाली परीक्षा को लेकर परीक्षा केन्द्रों की अंतिम सूची जारी कर दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सात जनपदों के कुल 424 परीक्षा केन्द्र बनाये है। इन केन्द्रों पर लगभग 1 लाख 96 हजार परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। जिसमें बीए प्रथम सेमेस्टर में 1 लाख 56 हजार, बीएससी में 33 हजार एवं बीकॉम 6 हजार 600 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के निर्देश पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुपालन में विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में स्नातक बीए, बीएससी एवं बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा होगी। यह परीक्षा 20 जनवरी से प्रारम्भ होकर 12 फरवरी तक दो पालियों में कोविड प्रोटोकॉल में होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा केन्द्रों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षा केन्द्रों की सूची अपलोड कर दी गई है।

## मिशन यूपी आज फाइनल हो जाएंगे दो चरणों के प्रत्याशियों के नाम : बीजेपी ने दो दिन 300 सीटों पर किया मंथन 170 पर बनी सहमति

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)भाजपा में यूपी विधानसभा के प्रत्याशी चयन को लेकर लगातार दूसरे दिन भी मेराथन मंथन चला। पार्टी सूत्रों की मानें तो तीन चरणों में शामिल सीटों को लेकर काफी हद तक सहमति बन चुकी है। कुछ सीटों को लेकर ही अभी कश्मकश बाकी है। इधर, प्रदेश के राजनैतिक हालात को देखते हुए पार्टी ब्रज और पश्चिम की सीटों पर फूंक–फूंककर कदम रख रही है।गुरुवार को होने वाली पार्टी संसदीय दल की बैठक में शुरुआती दो चरणों के प्रत्याशियों की सूची को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। सूची आने में एकाध दिन का विलंब भी हो सकता है। यूपी विधानसभा का चुनाव सात चरणों में होना है। भाजपा ने चरणवार प्रत्याशियों की सूची जारी करने का फैसला किया है। प्रत्याशी चयन के बीच ही दो मंत्रियों सहित कई विधायकों के इस्तीफे ने पार्टी नेताओं को पहले डैमेज कंट्रोल शुरू करने को मजबूर किया। दिल्ली में पार्टी के मुख्यालय में गुरुवार तक करीब 300 सीटों को लेकर चर्चा पूरी होने की खबर है जबकि करीब पौने दो सौ सीटों पर चेहरे भी लगभग तय हो चुके हैं। उन पर अंतिम मुहर गुरुवार को सुबह करीब साढ़े दस बजे से प्रस्तावित पार्टी संसदीय दल की बैठक में लगने की उम्मीद है। हालांकि उन्हें एक साथ घोषित नहीं किया जाएगा।पार्टी पिछले विधानसभा चुनाव में हारी हुई सीटों पर बड़ी संख्या में चेहरे बदलने की तैयारी में है। खराब प्रदर्शन करने वाले कुछ विधायकों और मंत्रियों का या तो टिकट कटेगा या कुछ के क्षेत्र बदले जाने का संभावना है। गुरुवार को हुई बैठक में गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष, यूपी प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, सह प्रभारी अनुराग ठाकुर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह, प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल सहित अन्य मौजूद रहे।पहली सूची में आ सकता है योगी का नाम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अयोध्या से चुनाव लड़ाने की तैयारी है। यदि योगी की सहमति से पार्टी संसदीय बोर्ड इस पर मुहर लगाता है तो उनका नाम पार्टी की पहली सूची में शामिल हो सकता है। हालांकि योगी पहले ही कह चुके हैं कि पार्टी जहां से कहेगी वे चुनाव लड़ने को तैयार हैं।

## अनियंत्रित बुलेरो गाड़ी कबाड़ की दुकान में घुसी : दुकान के चौकीदार समेत बेलेरो चालक घायल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोतवली क्षेत्र के अयोध्या लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रौजागाव चीनी मिल के सामने बीती रात अनियंत्रित गति से लखनऊ की ओर रक्षा मंत्रालय लिखी बुलेरो गाड़ी कबाड़ की दुकान में घुस गई जिसमें दुकान के चौकीदार समेत बेलेरो चालक घायल हो गया।जिनका निजी चिकित्सालय में इलाज चल रह है। जानकारी के मुताबिक रक्षा मंत्रालय लिखी बोलेरो यूपी 32 एफ एक्स 7998 बीती रात लगभग 1:30 बजे अनियंत्रित होकर कोतवाली रुदौली के रौजागांव मिल के सामने कबाड़ की दुकान में पलटते हुए घुस गई।जिसमें दुकान कबाड़ की दुकान के चौकीदार गुरु प्रसाद यादव निवासी ग्राम मटोली थाना पटरंगा व वाहन चालक निखिल कुमार रावत निवासी संडीला हरदोई घायल हो गए।आसपास के लोगों की मदद से बोलेरो के नीचे दबे गुरु प्रसाद यादव को निकाला गया और वाहन चालक को गाड़ी से निकालकर चिकित्सा के लिए भेजा गया।वाहन पर सवार चालक के साथी निखिल रावत पुत्र विद्यासागर निवासी संडीला हरदोई को लेकर लखनऊ चले गए।घायल चौकीदार गुरुप्रसाद को स्थानीय निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।बोलेरो के मालिक विद्यासागर ने बताया कि 7 दिन पहले माता का निधन हो गया था वह माता की अस्थियों को लेकर इलाहाबाद गए थे।उनका बेटा निखिल अपने साथियों के साथ अयोध्या स्नान के लिए आया था।वापसी के समय रात 1:30 बजे रोजा गांव चीनी मिल के सामने अचानक गाड़ी पलट कर कबाड़ की दुकान में घुस गई जिसमें निखिल और चौकीदार घायल हो गया है।निखिल का इलाज लखनऊ में चल रहा है कबाड़ की दुकान के मालिक मोहम्मद ताहिर ने बताया गुरु प्रसाद यादव का इलाज रुदौली के निजी चिकित्सालय में चल रहा है।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुदौली शशिकांत यादव ने बताया दोनों पक्षों की ओर से कोई सूचना नहीं दी गई है।उन्होंने घटना की जानकारी होने से इनकार किया।

## नेता सत्यभान सिंह की दिवंगत माता को सैकड़ों लोगों ने दी भावभीनी श्रद्वांजलि

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बुधवार को भारत की जनवादी नौजवान सभा के प्रदेश महासचिव कामरेड सत्यभान सिंह की दिवंगत माता की शांति भोज में अनेक लोग शामिल होकर उनकी माता को भावभीनी श्रद्वांजलि दिया।मालूम हो कि कोतवाली नगर क्षेत्र के चेला छावनी पर उनके आवास पर सुबह से ही विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों का आना जाना लगा रहा जो कि देर शाम तक चलता रहा।मधुर व मिलनसार दिखने वाले भारत की जनवादी नौजवान सभा के प्रदेश के महासचिव कामरेड सत्यभान सिंह के कुशल नेतृत्व का नतीजा ही है वहाँ पर सभी वर्ग से जुड़े लोग दिखे।इस मौके पर भारत की नौजवान सभा के कामरेड से जुड़े लोगों के अलावा देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व एनबीसी चैनल ब्यूरो चीफ राजेश श्रीवास्तव, देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र के जिला संवाददाता डाक्टर अजय तिवारी,श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड से सपा पार्षद जगत नारायण यादव,राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी यूथ विग्रेड विजय नारायण यादव,साकेत महाविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर डाक्टर अनिल कुमार सिंह,कामरेड के आर यादव,माकपा के



जिलासचिव कामरेड अशोक यादव,कांग्रेस पार्टी के युवा नेता शरद शुक्ला,कामरेड शेर बहादुर शेर,सुभाष चन्द्र,शैलेन्द्र सिंह,अवध राम यादव के अलावा पत्रकार जगत से जुड़े लोगों के अलावा अधिकारी वर्ग,राजनैतिक व गैर राजनैतिक दलो के अलावा अनेक क्षेत्रों जुड़े लोगों ने आकर उनकी माता को भावभीनी श्रद्वांजलि दिया।

## चुनाव की गाइडलाइन को लेकर सख्ती, मंडलायुक्त ने दिखाए कड़े तेवर : बोले– नियमों का उल्लंघन करने वालों पर लें एक्शन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनपद अयोध्या के मंडलायुक्त नवदीप रिनवा ने चुनाव आयोग की गाइडलाइन को लेकर दिखाई सख्ती। अयोध्या के मंडलायुक्त नवदीप रिनवा ने चुनाव आयोग की गाइडलाइन को लेकर दिखाई सख्ती। मंडलायुक्तध्रोल आब्जर्बर नवदीप रिनवा ने विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की मदद के लिए मॉडल बूथ, महिलाओं के लिए पिंक बूथ और दिव्यांगों के लिए दिव्यांग बूथ बनाये जाने के निर्देश दिए हैं। मंडलायुक्त ने मंडल के सभी डीएम को इस बाबत निर्देश जारी किया है। 80 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए इस बार पोस्टल बैलेट मंडलायुक्त ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि पिंक बूथ पर तैनात सभी कर्मी महिला और दिव्यांग बूथ के कर्मचारी और अधिकारी दिव्यांग हों। आयोग ने कोरोना पॉजिटिव और 80 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए इस बार पोस्टल बैलेट की वैकल्पिक सुविधा जारी की है। इसकी फोटोग्राफी भी करवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की ओर से निर्देश दिया गया है कि 15 जनवरी तक कोई भी रोड शो, पदयात्रा, साईकल रैली व बाइक रैली का आयोजन नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही पब्लिक रूट, चौराहों व गलियों में किसी भी प्रकार की बैठक व नुक्कड़ नाटक का आयोजन नहीं होगा। आयोग के निर्देशानुसार जारी किये गये नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए और अगर कोई व्यक्ति या उम्मीदवार भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का उल्लंघन करे, तो नियमानुसार उसके खिलाफ कार्यवाही की जाए। चुनाव आयोग की गाइडलाइन के मुताबिक मतदाताओं की मदद के लिए मॉडल बूथ बनाया जायेगा, इसके साथ ही महिलाओं के लिये पिंक और दिव्यांगों के लिए दिव्यांग बूथ बनाये जायेंगे।

## गांजा और स्मैक के साथ तीन गिरफ्तार : खंडासा व कुमारगंज थाना पुलिस को मिली कामयाबी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पांडे के निर्देशन में अपराधियों में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मिल्कीपुर सर्किल के कुमारगंज एवं खंडासा थानों की पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लग गई है। थानाध्यक्ष कुमारगंज वीर सिंह यादव एवं थानाध्यक्ष खंडासा संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र से कीन युवकों को अवैध मादक पदार्थ स्मैक एवं गांजा के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए दोनों युवकों को पुलिस टीम थाने ले आई जहां उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए थानाध्यक्षों ने जेल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक थानाध्यक्ष वीर सिंह के नेतृत्व में थाने के उपनिरीक्षक शंकर लाल हमराही सिपाहियों के साथ रात्रि गश्त पर थे। थाना क्षेत्र के बरईपारा गांव के पास स्थित निर्माणाधीन पुलिया के पास वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने बाइक सवार दो संदिग्ध युवकों को रोकना चाहा कि पुलिस टीम देख दोनों युवक भागने लगे। जिन्हें मौजूद सिपाहियों ने दौड़ाकर पकड़ लिया और उनकी सघन तलाशी ली। तलाशी के दौरान युवकों के कब्जे से दो अलग–अलग पैकेट में लगभग 16 ग्राम व 21 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक बरामद हुआ। पुलिसिया पूछताछ के दौरान युवकों ने अपना नाम राजेन्द्र वर्मा पुत्र जंगली उम्र–35 वर्ष निवासी हलियापुर थाना हलियापुर सुल्तानपुर व सुरजीत बनराजा पुत्र राम सजीवन उम्र–20 वर्ष निवासी बेसीतारा हलियापुर थाना हलियापुर जनपद सुल्तानपुर बताया। पकड़े गए युवकों को पुलिस टीम थाने ले आई जहां उनके विरुद्ध थानाध्यक्ष वीर सिंह ने धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक शंकरलाल के अलावा उप निरीक्षक उमेश कुमार वर्मा एवं सिपाही विजय कुमार गुप्ता, मंदीप चौधरी, सचिन कुमार व अभिमन्यु सिंह शामिल रहे। वहीं दूसरी ओर थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में खंडासा थाने के कंदई कला चौकी प्रभारी ब्रह्मदत्त पांडे हमराही सिपाहियों प्रमोद कुमार एवं शुभम तिवारी के साथ थाना क्षेत्र में गश्त पर थे चौकी प्रभारी श्री पांडे थाना क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग भी कर रहे थे इसी बीच एक संदिग्ध युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उसकी सघन तलाशी ली। तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से 1450 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ पुलिसिया पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम खुशीराम पुत्र स्वर्गीय विश्वनाथ निवासी ग्राम सुर्ती का पुरवा थाना कुमारगंज बताया। पकड़े गए युवक को पुलिस टीम थाने ले आई जहां उसके विरुद्ध 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने जेल भेज दिया है।

## धूमधाम से मनाया गया संत भीखादास रामजस समूह का 37 वाँ वार्षिकोत्सव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) संत भीखादास रामजस समूह मोहली का 37 वां वार्षिकोत्सव बुधवार को धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समूह के 8 शिक्षण संस्थानों के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थापक प्राचार्य एनसी तिवारी ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। राष्ट्रीय विद्यापीठ इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ रमेश मिश्र ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल में स्थित संत भीखा दास रामजस शिक्षण समूह की संस्थाएं निरंतर शिक्षा की ज्योति जला रही हैं जहां हजारों की संख्या में छात्र शिक्षा प्राप्त कर रोजगार प्राप्त कर चुके हैं। मेडिकल और शिक्षा के क्षेत्र में अनेक मेधावी को शिक्षण संस्थान ने जन्म दिया है। संस्थान के छात्र स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुके हैं। प्रधानाचार्य ने कहा कि युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र का अनुकरण करना चाहिए। आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान के संस्थापक प्राचार्य एनसी तिवारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में विद्यालय की स्थापना और उसे निरंतर प्रगति पर ले जाने में क्षेत्रवासियों का बहुत ही सहयोग रहा है जिसके लिए मैं उन सभी का आभार व्यक्त करता हूं समारोह में संत भीखा दास रामजस फार्मेसी कॉलेज की छात्राओं ने कोरोना महामारी से जागरूकता संबंधी लघु नाटिका का मंचन किया। जो काफी प्रेरणा प्रद रहा। मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन के बाद शुरू हुए समारोह में संत भीखा दास पीजी कॉलेज की छात्राओं ने मेरा देश रंगीला कार्यक्रम प्रस्तुत किया जबकि संत भीखा दास रामजस इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं ने लोक नृत्य एवं लोक गीतों से समा बांध दिया। वही बीएड् बीटीसी कॉलेज के छात्र छात्राओं ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अतिथियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया। संस्थान की संस्था संत भीखा दास रामजस बाल विद्या मंदिर के नन्हे–मुन्ने छात्रों ने राष्ट्रध्वज और तिरंगे के साथ राष्ट्रगीत प्रस्तुत करके दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर संस्थान द्वारा उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर संत भीखा दास रामजस शिक्षण संस्थान ग्रुप के प्रधानाचार्य विद्यालय के समस्त शिक्षक व हजारों की संख्या में छात्र–छात्राएं मौजूद रहे। वार्षिक उत्सव के अवसर पर समूह के निदेशक डा० सर्वेश तिवारी, डा० शैलेष तिवारी, ओम प्रकाश मिश्र, डा० वीरेन्द्र तिवारी, काशीराम पाण्डेय, रामअवध दूबे, बृजेश तिवारी जय हिन्द सिंह, अमित सिंह, ओमप्रकाश सिंह,डा. संदीप शुक्ला, मनोज दुबे, ज्ञान धर दुबे, चौधरी महेंद्र प्रताप सिंह, बीपी पांडे, विनोद पांडे ,कपिलदेव पांडे कृष्ण केवल मिश्रा डॉ.कृपा शंकर मिश्रा राजेश सिंह, सतीश शुक्ला, प्रदीप श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव, सुधाकर सिंह, समरजीत सिंह अशोक मौर्य ,आलोक पांडे सहित भारी संख्या में अनेक विद्यालयो के प्रबंधक प्रधानाचार्य एवं सामाजिक लोग उपस्थित रहे।

## महिलाओं का वोट प्रतिशत बढ़ाने पर फोकस : मिलेंगी जिम्मेदारियां

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) यूपी भाजपा विधानसभा चुनाव प्रबंधन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के साथ ही महिलाओं का वोट प्रतिशत बढ़ाने पर भी फोकस करेगी। उत्तराखंड प्रभारी महिला मोर्चा पूजा कपिल मिश्रा ने पदाधिकारियों को इसके निर्देश दिए हैं। भाजपा प्रदेश आईटी सेल महिला मोर्चा की ओर से वर्चुअल बैठक की गई जिसमें पार्टी की महिला मोर्चा पदाधिकारियों को चुनाव प्रबंधन में योगदान बढ़ाने के साथ ही अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए।प्रदेश प्रमुख आईटी सेल महिला मोर्चा पूनम बुटोला शर्मा की ओर से आयोजित प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला प्रभारियों की वर्चुअल बैठक के दौरान विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत और उसमें महिलाओं की भूमिका को लेकर चर्चा की गई।

## डीएम ने कम्पनी गार्डन का किया निरीक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिलाधिकारी नितीश कुमार ने कलेक्टर के बगल स्थित कम्पनी गार्डन का भ्रमण कर वहा की साफ–सफाई, नसरी की स्थिति सहित गार्डन में आने वाले को लोगों के लिए उपलब्ध सुविधाओं एवं आवश्यकताओ का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी को इस पांच हेक्टेयर में फैले इस गार्डन में बेहतर साफ–सफाई रखने तथा गार्डन में लगे आम, लीची, आदि फलदार पेड़ों की देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिला उद्यान अधिकारी ने जिलाधिकारी को जानकारी देते हुये बताया कि इस वर्ष वृक्षारोपण हेतु 32 हजार पौधों यथा– करौंदा आम, सबन बबूल नीबू आदि केनसरी उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त है। इसके साथ ही यहां से प्रतिवर्ष लगभग 07 हजार आम, अमरूद, नीबू आदि के कलमी पौधों का भी उत्पादन किया जाता है। उन्होंने बताया कि विकास प्राधिकारण द्वारा गार्डन के अन्दर बाउन्डरी के किनारे पाथ–वे व इन्टरलाकिंग का कार्य कराये जाने के लिए प्रस्ताव बनाया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण गार्डन को आकर्षक एवं सुविधाजनक बनाने तथा गाईने में आने वाले लोगों के इक्सरसाइज, बैठने, टहलने, आदि सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर अमित सिंह, जिला उद्यान अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित लोग उपस्थित थे।

## कांग्रेस की पहली सूची में दिखा महिला और युवा जोश का कॉकटेल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उत्तर प्रदेश 2022 विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस ने प्रत्याशियों की अपनी पहली सूची जारी कर दी है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने पहली सूची में अपने दावे के मुताबिक ही महिलाओं को तवज्जो देते हुए 125 सीटों की सूची में 50 महिलाओं को शामिल किया हैं। आधी आबादी को चालीस फीसदी टिकट देने का पहला पड़ाव कांग्रेस और प्रियंका ने पार कर लिया है।



अब इसके बाद विपक्ष पर भी इस बात का दबाव रहेगा कि वह महिलाओं को किस आधार पर और कितनी संख्या में टिकट देता है। कांग्रेस ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 125 प्रत्याशियों की अपनी पहली सूची की घोषणा कर दी है जिसमें 50 महिलाएं शामिल हैं। प्रत्याशियों में उन्नाव बलात्कार पीड़िता की मां आशा सिंह और सोनभद्र के उंभा गांव में जमीन को लेकर गोंड आदिवासियों की कानूनी लड़ाई का नेतृत्व करने वाले रामराज गोंड है। गोंड सोनभद्र जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हैं। अन्य प्रत्याशियों में आशा कार्यकर्ता पूनम पांडे शामिल हैं, जिन्हें पिछले साल नवंबर में शाहजहांपुर में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने की कोशिश के दौरान पुलिस ने कथित रूप से पीटा था, और कांग्रेस नेता सदफ जफर जो विरोधी के सिलसिले में जेल में थे। कुल 125 प्रत्याशियों में से 40 फीसदी महिलाएं और 40 फीसदी युवा हैं। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस ने 125 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की है। इनमें 50 महिलाओं के नाम हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा ने लिस्ट का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि ये वे महिलाएं हैं, जिन्होंने किसी न किसी तरह से योगी शासन के दौरान अत्याचार सहा है। 125 उम्मीदवारों में से, 40ः महिलाएं हैं और 40ः युवा हैं। कांग्रेस ने उन्नाव रेप पीड़िता की मां को भी विधानसभा का टिकट दिया है। शाहजहांपुर से आशा कार्यकर्ता पूनम पांडे को मैदान में उतारा है। इसके अलावा फर्रुखाबाद से सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद को टिकट दिया गया है। प्रियंका पहले ही उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' का नारा दे चुकी हैं।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com



उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।